# सृजन

## कक्षा-5

## अध्यापक सहायक-पुस्तिका

# 1 भारत के सपूत

## सतत मूल्यांकन (Continuous Evaluation)

**मौखिक प्रश्न (Oral Questions)**

**1. सही उत्तर बताओ—**

**( क )** नन्हे-मुन्ने किसको कहा गया है?

उत्तर— भारत के वीर बच्चों को।

**( ख )** नन्हे-मुन्ने सब कुछ किस पर न्योछावर करने की बात कह रहे हैं?

उत्तर— भारत माँ पर।

**( ग )** कवि ने 'माँ' शब्द किसके लिए प्रयोग किया है?

उत्तर— 'भारत माँ' के लिए।

**2. पद्यांश पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर चुनो—**

पर्वत को भी तोड़-फोड़, हम राहें नई बनाएँगे।
आएँ सौ तूफान सामने, रोक न हमको पाएँगे।।
उतरेंगे जब युद्ध-क्षेत्र में, दुश्मन से टकराएँगे।
पल में उस पर विजय प्राप्त कर, ध्वज अपना लहराएँगे।।

**( क )** पर्वत को तोड़कर हम बना देंगे—

राई ☑ केला ☐ बरफी ☐

**( ख )** हमको रोक नहीं पाएँगे—

मित्र ☐ माता-पिता ☐ तूफान ☑

**( ग )** दुश्मनों को हराकर हम लहराएँगे—

चुनरी ☐ ध्वज ☑ साड़ी ☐

**बूझो पहेली (Puzzle/Quiz)**

**3. सोचो और बताओ—**

**( क )** राष्ट्र ध्वज में केसरिया रंग प्रतीक है— **खुशहाली का**

**( ख )** राष्ट्र ध्वज में सफेद रंग प्रतीक है— **शांति का**

**( ग )** राष्ट्र ध्वज में हरा रंग प्रतीक है— **समृद्धि का**

**( घ )** राष्ट्र ध्वज में चक्र प्रतीक है— **प्रगति का**

## समग्र मूल्यांकन (Comprehensive Evaluation)

**पाठ पर आधारित प्रश्न (Text-based Questions)**

**4. कविता की पंक्तियाँ पूरी करो—**

**( क )** हमें न समझो नन्हे-मुन्ने, **हम ही हैं कल की आशा।**
सब कुछ न्योछावर कर, **माँ की पूर्ण करेंगे अभिलाषा।**

**( ख )** मातृभूमि का गौरव रखने, **अपनी जान लड़ाएँगे।**
आएँ सौ तूफान सामने, **रोक न हमको पाएँगे।।**

**5. इन प्रश्नों के उत्तर लिखो—**

**( क )** हमें मातृभूमि के गौरव के लिए क्या करना चाहिए?

उत्तर— हमें मातृभूमि के गौरव के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर देना चाहिए।

( ख ) हम बाधाओं का सामना कैसे करेंगे?

उत्तर— हम बाधाओं का सामना बहादुरी से डटकर करेंगे।

### भाषा पर आधारित प्रश्न (Language-based Questions)

**6. तुकांत शब्द लिखो—**

| | | | |
|---|---|---|---|
| जाएँगे | **पाएँगे** | युद्ध | **शुद्ध** |
| नन्हे | **मुन्ने** | तोड़ | **फोड़** |
| शान | **आन** | आगे | **भागे** |
| वीर | **धीर** | पूर्ण | **चूर्ण** |

**7. विलोम शब्द लिखो—**

| | | | |
|---|---|---|---|
| वीर | **कायर** | विजय | **पराजय** |
| आगे | **पीछे** | दुश्मन | **दोस्त** |
| कल | **आज** | मोटा | **पतला** |

# 2 दो गौरैयाँ

## सतत मूल्यांकन (Continuous Evaluation)

### मौखिक प्रश्न (Oral Questions)

**1. सही उत्तर बताओ—**

**( क )** लेखक के घर में कौन-कौन रहते थे?

उत्तर— लेखक के माता-पिता व स्वयं लेखक।

**( ख )** घर के आँगन में किसका पेड़ था?

उत्तर— आम का पेड़।

**( ग )** घर के अंदर कौन घुस आईं?

उत्तर— दो गौरैयाँ।

**( घ )** लेखक के पिता क्यों परेशान थे?

उत्तर— गौरैया के घर में आने के कारण।

**2. गद्यांश पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर चुनो—**

तभी पंखे के ऊपर से 'चीं-चीं' की आवाज सुनाई पड़ी। मैंने सिर उठाकर ऊपर की ओर देखा—दोनों गौरैयाँ फिर से अपने घोंसले में मौजूद थीं। इस बार वे रोशनदान में से आ गई थीं जिसका एक शीशा टूटा हुआ था। पिता जी ने कुर्सी पर चढ़कर रोशनदान में कपड़ा ठूँस दिया और लाठी झुलाकर एक बार फिर गौरैयों को खदेड़ दिया।

**( क )** चीं-चीं की आवाज आ रही थी—

गली में से ☐ पंखे के ऊपर से ☑ पलंग के नीचे से ☐

(ख) लेखक ने जब सिर उठाकर देखा तो—

दोनों गौरैयाँ घोंसले में मौजूद थीं ✓ गौरैया के बच्चे नाच रहे थे ☐

गौरैया के बच्चे को बिल्ली खा रही थी। ☐

(ग) शीशा टूटा हुआ था—

कार का ☐ स्कूटर का ☐ रोशनदान का ✓

(घ) लेखक के पिता ने रोशनदान में ठूँस दिया—

कपड़ा ✓ कागज ☐ पत्थर ☐

## बूझो पहेली (Puzzle/Quiz)

**3. दी गई वर्ग पहेली में से पक्षियों के नाम छाँटकर उन पर गोला बनाओ—**

मोर, कठफोड़वा, कौआ, गौरैया, गिद्ध

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मा | नु | पु | र | कौ | की | का | गि |
| बा | सा | मु | द | आ | क | की | द्ध |
| ज | रा | मै | गा | गुल | ठ | बु | न्न |
| चु | ल | बु | ना | आ | फो | ल | ऋ |
| अ | पा | ल | मा | गौ | ड़ | बु | ची |
| की | तो | ता | खा | रै | वा | ल | ल |
| रा | झु | नि | वी | या | न | म | भ |
| ची | ल | गा | मो | र | पु | र | पा |

बाज, चील, तोता, मैना, बुलबुल

## समग्र मूल्यांकन (Comprehensive Evaluation)

## पाठ पर आधारित प्रश्न (Text-based Questions)

**4. रिक्त स्थानों की पूर्ति करो—**

(क) हमारे घर के आँगन में **आम** का पेड़ था।

(ख) एक दिन दो **गौरैयाँ** सीधी घर के अंदर घुस गईं।

(ग) पिता जी बाहर से **लाठी** उठा लाए।

(घ) केवल **रसोईघर** का दरवाजा खुला था।

**5. इन प्रश्नों के उत्तर लिखो—**

(क) गौरैयाँ घर के अंदर घुस आने पर क्या कर रही थीं?

उत्तर—गौरैयाँ घर के अंदर घुस आने पर वे कभी किसी रोशनदान पर जा बैठतीं तो कभी खिड़की पर।

(ख) पिताजी ने लाठी उठाकर क्या किया?

उत्तर—पिताजी ने लाठी उठाकर पंखे के गोले को ठोंका और गौरैयों को भगा दिया।

(ग) पिता जी ने तंग आकर क्या किया?

उत्तर—पिताजी ने तंग आकर गौरैया के घोंसले को निकाल दिया।

(घ) गौरैया के बच्चों की 'चीं-चीं' की आवाज लेखक को कैसी लगी?

उत्तर—गौरैया के बच्चों की 'चीं-चीं' की आवाज लेखक को ऐसी लगी कि मानो वे अपना परिचय दे रहे थे कि ''हम आ गए हैं। हमारे माँ-बाप कहाँ हैं?''

(ङ) अंत में मादा गौरैया क्या करने लगी?

उत्तर— अंत में मादा गौरैया अपने नन्हे बच्चों को उनकी नन्हीं चोचों में चुग्गा डालने लगी।

## भाषा पर आधारित प्रश्न (Language-based Questions)

**6. उदाहरण देखो, समझो और लिखो—**

दोनों बैठी गाना गा रही हैं।

दोनों बैठे गाना गा रहे हैं।

**(क)** रसोईघर का दरवाजा खुला रहा।

उत्तर—रसोईघर के दरवाजे खुले रहे।

**(ख)** वे लाठी लेकर स्टूल पर चढ़ गए।

उत्तर—वे लाठियाँ लेकर स्टूल पर चढ़ गए।

**(ग)** चुपचाप कुर्सी पर आकर बैठ गए।

उत्तर—चुपचाप कुर्सियों पर आकर बैठ गए।

**7. वचन बदलकर लिखो—**

| | | | |
|---|---|---|---|
| शीशा | **शीशे** | दीवार | **दीवारें** |
| घोंसला | **घोंसले** | तिनका | **तिनके** |
| पंखा | **पंखे** | कुर्सी | **कुर्सियाँ** |

**8. समानार्थी शब्द लिखो—**

| | | | |
|---|---|---|---|
| हमला | **आक्रमण** | दिन | **दिवस** |
| माँ | **माता** | गुमसुम | **उदास** |

**9. शब्दों का वाक्यों में प्रयोग करो—**

| | |
|---|---|
| गुस्सा | पिताजी को फिर से **गुस्सा** आ गया। |
| हमला | पिताजी ने गौरैया पर लाठी से **हमला** किया। |
| रोशनदान | **रोशनदान** का एक शीशा टूट गया था। |
| अवाक् | गौरैया अपने बच्चों को देखकर **अवाक्** रह गई। |

# 3 सच्चा हीरा

### सतत मूल्यांकन (Continuous Evaluation)

## मौखिक प्रश्न (Oral Questions)

**1. सही उत्तर बताओ—**

**(क)** गाँव की स्त्रियाँ कहाँ जा रही थीं?

उत्तर—कुएँ पर।

**(ख)** स्त्रियों की बातचीत का विषय क्या था?

उत्तर—उनके बेटों की योग्यताएँ।

**(ग)** प्रथम स्त्री ने अपने पुत्र को किस गुण के बारे में बताया?

उत्तर—मधुर गीत गाने का।

**(घ)** बूढ़ी स्त्री ने अन्य स्त्रियों से क्या कहा?

उत्तर—चौथी स्त्री के बेटे को सच्चा हीरा कहा।

**2. गद्यांश पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर चुनो—**

कुछ समय बाद जब वे घड़े सिर पर रखकर लौट रही थीं तो उन्हें किसी का मधुर स्वर सुनाई दिया। गीत सुनकर पहली स्त्री बोली, ''अरे सुनो! मेरा हीरा गा रहा है। तुम लोगों ने सुना, उसका कंठ कितना मधुर है?'' वह लड़का गीत गाता हुआ उनके सामने से निकल गया। उसने अपनी माँ की ओर कोई ध्यान नहीं दिया। इतने में दूसरी स्त्री का बेटा भी उधर आता दिखाई दिया। वह उसे देखकर गर्व से बोली, ''देखो, वह मेरा लाड़ला बेटा आ रहा है। शक्ति और सामर्थ्य में इसकी बराबरी कौन कर सकता है?'' वह यह कह ही रही थी कि उसका बेटा भी उसकी ओर ध्यान दिए बिना ही निकल गया।

**(क)** स्त्रियाँ सिर पर रखकर लौट रही थीं—

साड़ी की गठरी ☐ भूसे की गठरी से ☐ घड़े ☑

**(ख)** दूसरी स्त्री ने अपने पुत्र को कहा—

शक्ति और सामर्थ्य में इसकी बराबरी कौन कर सकता है ☑ वह सरल और सादा है ☐

वह चोर है

**(ग)** क्या दोनों स्त्रियों के पुत्रों ने उनकी ओर ध्यान दिया—

हाँ ☐ नहीं ☑ पता नहीं ☐

## बूझो पहेली (Puzzle/Quiz)

**3. सोचो और सही उत्तर बताओ—**

**(क)** 'काला हीरा' कहलाता है— **कोयला**/नमक

**(ख)** 'तरल सोना' कहलाता है— **पेट्रोलियम**/जल

**(ग)** सोने की खान है— **कोलार में**/आगरा में

**(घ)** हीरा एक धातु है— अपारदर्शी/**पारदर्शी**

**(ङ)** अंग्रेजों द्वारा भारत से ले जाया गया हीरा है— नीलम/**कोहिनूर**

## समग्र मूल्यांकन (Comprehensive Evaluation)

## पाठ पर आधारित प्रश्न (Text-based Questions)

**4. रिक्त स्थानों की पूर्ति करो—**

**(क)** पक्षी **चहचहाते** हुए अपने-अपने नीड़ की ओर जा रहे थे।

**(ख)** पानी भरकर वे कुएँ की पक्की **जगत** पर बैठ गईं।

**(ग)** बातचीत करते-करते बात **बेटों** पर जा पहुँची।

**(घ)** अन्य तीनों स्त्रियाँ बहुत **आश्चर्य** से चौथी स्त्री के बेटे को देखती रहीं।

**5. इन प्रश्नों के उत्तर लिखो—**

**(क)** चारों स्त्रियाँ कहाँ बैठकर बात करने लगीं?

उत्तर—चारों स्त्रियाँ कुएँ की पक्की जगत् पर बैठकर बातें करने लगीं।

**(ख)** प्रथम स्त्री के पुत्र में क्या गुण था?

उत्तर—प्रथम स्त्री के पुत्र में मधुर गाना गाने का गुण था।

**(ग)** दूसरी स्त्री का पुत्र कैसा था?

उत्तर—दूसरी स्त्री का पुत्र अत्यंत शक्तिशाली था।

**(घ)** तीसरी स्त्री ने अपने पुत्र में क्या गुण बताया?

उत्तर—तीसरी स्त्री ने अपने पुत्र को साक्षात् बृहस्पति का अवतार बताया। स्त्री ने बताया कि उसके कंठ में सरस्वती का वास है।

**(ङ)** चौथी स्त्री का पुत्र कैसा था?

उत्तर—चौथी स्त्री का पुत्र बिल्कुल सीधा-सादा लेकिन माँ की सेवा करने वाला सच्चा हीरा था।

**भाषा पर आधारित प्रश्न (Language-based Questions)**

**6. वाक्यों में किया शब्द रेखांकित करो तथा कर्म के आधार पर भेद लिखो—**

**( क )** सूर्य अस्त <u>हो रहा था</u>। **अकर्मक क्रिया**

**( ख )** वह बहुत अच्छा <u>गाता है</u>। **सकर्मक क्रिया**

**( ग )** माँ, <u>लाओ</u>। **सकर्मक क्रिया**

**( घ )** यही सच्चा हीरा <u>है</u>। **अकर्मक क्रिया**

**7. क्रियाविशेषण शब्द रेखांकित करो—**

**( क )** वह बहुत <u>अच्छा</u> गाता है।

**( ख )** <u>उसका</u> बेटा पास आ पहुँचा।

**( ग )** अचानक <u>चौथी</u> स्त्री का बेटा भी उधर आ निकला।

# 4 स्वावलंबी

## सतत मूल्यांकन (Continuous Evaluation)

**मौखिक प्रश्न (Oral Questions)**

**1. सही उत्तर बताओ—**

**( क )** हमीरगढ़ का राजा कौन था?

उत्तर— एक वीर और प्रजापालक।

**( ख )** राजा का मंत्री कैसा था?

उत्तर—बुद्धिमान और दूरदर्शी।

**( ग )** प्रजा में त्राहि-त्राहि क्यों मच गई?

उत्तर—डाकू के आतंक के कारण।

**( घ )** राजा ने मंत्री को क्या आज्ञा दी?

उत्तर—डाकू के आतंक को समाप्त करने की।

**2. गद्यांश पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर चुनो—**

एक दिन तो डाकू ने कमाल ही कर दिया। उसने ठीक राजमहल के सामने एक साहूकार के यहाँ डाका डाला। जब तक लोग सावधान हों और सैनिक वहाँ पहुँचे तब तक तो डाकू नौ-दो ग्यारह हो गया। यह देख राजधानी में भी जगह-जगह सैनिक तैनात कर दिए गए। पर इससे क्या होना था, अगले ही दिन उसने एक और साहूकार के यहाँ डाका डाला।

**( क )** डाकू ने डाका डाला—

राजमहल में ☐ बाजार में ☐ साहूकार के यहाँ ☑

**( ख )** साहूकार का घर था—

जंगल में ☐ राजमहल के सामने ☑ मंदिर के सामने ☐

**( ग )** राजधानी में जगह-जगह तैनात कर दिए गए—

सैनिक ☑ चौकीदार ☐ बच्चे ☐

## बूझो पहेली (Puzzle/Quiz)

**3. सोचो और बताओ—**

(क) प्रदेश के मुख्यमंत्री का नाम—
(ख) देश के प्रधानमंत्री का नाम—
(ग) आपके प्रदेश के राज्यपाल का नाम—
(घ) आपके शहर के मेयर/चेयरमैन का नाम—
(ङ) आपके क्षेत्र के विधायक का नाम—

छात्र स्वयं करें।

## समग्र मूल्यांकन (Comprehensive Evaluation)

## पाठ पर आधारित प्रश्न (Text-based Questions)

**4. रिक्त स्थानों की पूर्ति करो—**

(क) गाँव-गाँव में **रक्षक** दल बन गए थे।
(ख) अब हमीरगढ़ का प्रत्येक व्यक्ति **सैनिक** था।
(ग) बच निकलने की कोई संभावना न देख डाकुओं के दल ने **आत्मसमर्पण** कर दिया।
(घ) लोगों ने डाकुओं को रात में **राजधानी** पहुँचा दिया।
(ङ) डाकुओं का सरदार और कोई नहीं स्वयं **मंत्री** था।

**5. इन प्रश्नों के उत्तर लिखो—**

(क) किसके चेहरे पर सदा चिंता की रेखाएँ खिंची रहती थीं और क्यों?

उत्तर— मंत्री के चेहरे पर सदा चिंता की रेखाएँ खींची रहती थीं क्योंकि प्रजा सदैव सैनिकों के भरोसे रहती थी। अपनी रक्षा स्वयं नहीं कर सकती थी।

(ख) डाकू किस प्रकार डाका डालता था?

उत्तर— डाकू यदि आज यहाँ डाका डालता था तो दो-चार दिन बाद कोई बीस कोस दूर लूट करता वह अपने दल के साथ अचानक भूत की तरह प्रकट होता और आनन-फानन में लूटपाट करके पलक झपकते ही गायब हो जाता।

(ग) डाकू से छुटकारा पाने के लिए मंत्री ने क्या-क्या उपाय किया?

उत्तर— डाकू से छुटकारा पाने के लिए मंत्री ने सैनिकों की संख्या बढ़ा दी। प्रत्येक गाँव में चुने हुए सैनिक तैनात करा दिए वे नौजवानों को लाठी-तलवार चलाना सिखाने लगे। डाकुओं को देखते ही कैसे घेरा जाए उन पर कैसे हमला किया जाए। दूसरे स्थान के लोगों को कैसे सावधान किया जाए आदि बातों का प्रशिक्षण जनता को दिया जाने लगा।

(घ) सभी लोग डाकू का चेहरा देखकर हैरान क्यों हो गए?

उत्तर— सभी लोग डाकू का चेहरा देखकर हैरान इसलिए हो गए क्योंकि डाकू कोई और नहीं राज्य मंत्री ही था।

(ङ) मंत्री का डाकू बनने के पीछे क्या उद्देश्य था?

उत्तर— मंत्री का डाकू बनने के पीछे उद्देश्य था कि प्रजा में अपनी रक्षा स्वयं करने की शक्ति आए वे स्वावलंबी बनें।

## भाषा पर आधारित प्रश्न (Language-based Questions)

**6. रंगीन शब्दों के विलोम लिखकर वाक्य पुन: लिखो—**

| | | |
|---|---|---|
| (क) | राजा बहुत **वीर** था। | राजा **कायर** नहीं था। |
| (ख) | उसका मंत्री बड़ा ही **बुद्धिमान** था। | उसका मंत्री **बुद्धिहीन** नहीं था। |
| (ग) | **शत्रु** उसका नाम सुनकर काँप जाते थे। | **मित्र** उसका नाम सुनकर खुश हो जाते थे। |
| (घ) | मंत्री **गाँव-गाँव** में जाकर रक्षक-दलों का निरीक्षण करता। | मंत्री **शहर-शहर** में जाकर रक्षक-दलों का निरीक्षण करता। |
| (ङ) | डाकू ने एक ही **रात** में चार जगह डाके डाले। | डाकू ने एक ही **दिन** में चार जगह डाके डाले। |

**7. शुद्ध रूप लिखो—**

| | | | |
|---|---|---|---|
| सहास | **सहसा/साहस** | आधीर | **आधीन** |
| गांव | **गाँव** | सक्ति | **शक्ति** |
| चलाक | **चालाक** | आतमसमर्पण | **आत्मसमर्पण** |

**8. शब्दों के लिए वाक्यांश लिखो—**

| | |
|---|---|
| रक्षक | रक्षा करने वाला |
| भक्षक | खाने वाला |
| प्रजापालक | प्रजा का पालन करने वाला |
| दूरदर्शी | दूर की सोचने वाला। |

## सतत मूल्यांकन-I (Continuous Evaluation-I)

### (पाठ 1 से 4)

**1. सही उत्तर बताओ—**

**(क)** घर के आँगन में किसका पेड़ था?

उत्तर— आम का पेड़।

**(ख)** घर के अंदर कौन घुस आईं?

उत्तर— दो गौरैयाँ।

**(ग)** हमीरगढ़ का राजा कौन था?

उत्तर— एक वीर और प्रजापालक।

**(घ)** राजा ने मंत्री को क्या आज्ञा दी?

उत्तर—डाकू के आतंक को समाप्त करने की।

**(ङ)** प्रजा में त्राहि-त्राहि क्यों मच गई?

उत्तर— डाकू के आतंक के कारण।

**2. सही उत्तर पर ( ✓ ) का निशान लगाओ—**

**(क)** दुश्मन को हरा कर हम लहराएँगे—

चुनरी ☐ ध्वज ☑ साड़ी ☐

**(ख)** चीं-चीं की आवाज आ रही थी—

पंखे के ऊपर से ☑ पलंग के नीचे से ☐ गली में से ☐

**(ग)** शीशा टूटा हुआ था—

कार का ☐ रोशनदान का ☑ स्कूटर का ☐

**(घ)** राजधानी में जगह-जगह तैनात कर दिए गए—

सैनिक ☑ चौकीदार ☐ बच्चे ☐

**बूझो पहेली (Puzzle/Quiz)**

**3. सोचो और बताओ—**

**(क)** प्रदेश के मुख्यमंत्री का नाम—

**(ख)** देश के प्रधानमंत्री का नाम—

**(ग)** आपके प्रदेश के राज्यपाल का नाम—

**(घ)** आपके शहर के मेयर/चेयरमैन का नाम—

**(ङ)** आपके क्षेत्र के विधायक का नाम—

छात्र स्वयं करें।

5

# कदंब का पेड़

## सतत मूल्यांकन (Continuous Evaluation)

### मौखिक प्रश्न (Oral Questions)

**1. सही उत्तर बताओ—**

(क) 'कदंब का पेड़' कविता किसकी रचना है?

उत्तर—सुभद्राकुमारी चौहान।

(ख) बालक किस वृक्ष पर बैठकर बाँसुरी बजाना चाहता है?

उत्तर—कंदब के पेड़ पर।

(ग) बालक कहाँ छिपने को कह रहा है?

उत्तर—पत्तों में।

**2. पद्यांश पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर चुनो—**

यह कदंब का पेड़, अगर माँ, होता यमुना तीरे,
मैं भी उस पर बैठ, कन्हैया बनता धीरे-धीरे।
ले देतीं यदि मुझे बाँसुरी, तुम दो पैसे वाली,
किसी तरह नीची हो जाती, यह कदंब की डाली।

(क) कदंब का पेड़ होता—

यमुना तीरे ✓ समुद्र तीरे ☐ गंगा तीरे ☐

(ख) बालक क्या बनता—

ग्वाला ☐ कन्हैया ✓ बलराम ☐

(ग) बच्चा माँ से क्या लेने के लिए कह रहा है—

कपड़े ☐ बाँसुरी ✓ पुस्तक ☐

### बूझो पहेली (Puzzle/Quiz)

**3. संकेतों के आधार पर शब्द पूरे करो—**

(क) बरगद का वह पेड़ जिसके नीचे राजा परीक्षित ने कथा सुनी, वह कहाँ है? शु **क्र** ता **ल**

(ख) यमुना के किनारे बनी आगरा की प्रसिद्ध इमारत है— ता **ज** **म** ह **ल**

(ग) यमुना के किनारे बसी भारत की राजधानी है— दि **ल्** **ली**

(घ) कृष्ण का जन्मस्थल है— म **थु** **रा**

## समग्र मूल्यांकन (Comprehensive Evaluation)

### पाठ पर आधारित प्रश्न (Text-based Questions)

**4. कविता की पंक्तियाँ पूरी करो—**

(क) तुम्हें नहीं कुछ कहता, **पर मैं चुपके-चुपके आता,**
उस नीची डाली से, **अम्मा, ऊँचे पर चढ़ जाता।**

(ख) वहीं बैठ फिर **बड़े मजे से मैं बाँसुरी** बजाता,
अम्मा-अम्मा कह **बंसी के स्वर में तुम्हें** बुलाता।

**5. इन प्रश्नों के उत्तर लिखो—**

**(क)** माँ का हृदय क्यों व्याकुल हो उठता है?

उत्तर— जब माँ अपने बालक को अपने पास न पाती और सब जगह ढूँढ़ने पर भी वह उसे नहीं मिलता तब माँ का हृदय व्याकुल हो उठता।

**(ख)** माँ आँख खोलने पर क्यों खुश हो जाती है?

उत्तर— माँ अपने बेटे को अपनी गोदी में पाकर आँख खोलने पर खुश हो जाती।

## भाषा पर आधारित प्रश्न (Language-based Questions)

**6. पर्यायवाची शब्द लिखो—**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| यमुना | **कालिंदी** | **तनुजा** | कन्हैया | **कान्हा** | **वासुदेव** |
| आँख | **चक्षु** | **लोचन** | | | |

**7. दो-दो शब्द बनाओ—**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| न्ह | **कन्हैया** | **कान्हा** | म्म | **अम्मा** | **मरम्मत** |
| व्य | **व्याकुल** | **व्यय** | न्न | **संपन्न** | **अन्न** |
| स्स | **रस्सी** | **गुस्सा** | | | |

**8. उदाहरण समझो और लिखो—**

**उदाहरण—** यह कदंब का पेड़, अगर माँ, होता यमुना तीरे।
माँ, अगर यह कदंब का पेड़, यमुना के तीरे होता।

**(क)** मैं भी उस पर बैठ, कन्हैया बनता धीरे-धीरे।

**उस पर मैं भी बैठ, धीरे-धीरे कन्हैया बनता।**

**(ख)** सुन मेरी बंसी को, माँ, तुम कितना खुश हो जातीं।

**माँ, मेरी बंसी को सुन तुम कितना खुश हो जातीं।**

# 6 घर या देश

## सतत मूल्यांकन (Continuous Evaluation)

### मौखिक प्रश्न (Oral Questions)

**1. सही उत्तर बताओ—**

**(क)** जर्मनी और रूस के बीच युद्ध की घटना कब की है?

उत्तर— दिसम्बर सन् 1943।

**(ख)** किन दो सेनाओं के बीच युद्ध हो रहा था?

उत्तर— जर्मनी और सोवियत रूस की।

**(ग)** शत्रु के पीछे-पीछे किसका टैंक चला?

उत्तर— मेजर जनरल कातूकोव।

**(घ)** सेनाओं पर गोले दागना गोलों की बरबादी क्यों थी?

उत्तर— क्योंकि जर्मनी सेनाएँ गोलों की मार से दूर थीं।

**(ङ)** रूसी टैंक आगे क्यों नहीं बढ़ रहे थे?

उत्तर— नदी का पुल टूटा होने के कारण।

**2. गद्यांश पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर चुनो—**

रूसी टैंक उस औरत के पीछे-पीछे चल पड़े। वह उन्हें अपने घर तक ले गई। पर जनरल कातूकोव और टैंक-चालकों को लगा कि वे पुल के बिना नदी पार नहीं कर पाएँगे। टैंक चालक कहने लगे, ''पुल जरूरी है और उसके लिए लकड़ी के लट्ठे चाहिए।'' वह औरत बोली, ''मेरे पास लकड़ी के लट्ठे हैं।''

(क) औरत के पीछे-पीछे चल पड़े—

जर्मनी सेनाएँ ☐ चोर ☐ रूसी टैंक ☑

(ख) महिला टैंक ले गई—

पड़ोसी के घर तक ☐ अपने घर तक ☑ देश की सीमा पर ☐

(ग) नदी पार नहीं हो सकती थी—

बिना सहारे के ☐ बिना पुल के ☑ बिना नाव के ☐

(घ) पुल बनाने के लिए चाहिए थे—

लकड़ी के लट्ठे ☑ पत्थर ☐ एक चादर ☐

**बूझो पहेली (Puzzle/Quiz)**

**3. सोचो और बताओ—**

(क) अब तक कितने विश्वयुद्ध हो चुके हैं? **दो**

(ख) शीत युद्ध किन दो देशों के बीच चला? **अमेरिका-सोवियत संघ (रूस)**

(ग) युद्ध रोकने के लिए कौन-सी संस्था स्थापित हो गई है? **राष्ट्र संघ**

## समग्र मूल्यांकन (Comprehensive Evaluation)

**पाठ पर आधारित प्रश्न (Text-based Questions)**

**4. रिक्त स्थानों की पूर्ति करो—**

(क) अचानक **टैंकों** का आगे बढ़ना रुक गया।

(ख) सोवियत टैंक ब्रिगेड को **नदी** पार करके आगे बढ़ना था।

(ग) जनरल ने नदी के **किनारों** को देखा।

(घ) औरत ने अपने घर को **स्वयं** ही नोंच डाला।

(ङ) सोवियत रूस **जीत** गया।

**5. इन प्रश्नों के उत्तर लिखो—**

(क) मास्को की रक्षा के लिए सोवियत सैनिकों ने क्या किया?

उत्तर—मास्को की रक्षा के लिए सोवियत सैनिकों ने शत्रु पर हमले शुरू कर दिए।

(ख) टैंकों का आगे बढ़ना क्यों रुक गया?

उत्तर—टैंकों का आगे बढ़ना इसलिए रुक गया क्योंकि जर्मन सेनाओं ने उस पुल को बारूदी सुरंग बिछाकर उड़ा दिया जिसके ऊपर से सोवियत टैंक ब्रिगेड को नदी पार करके आगे बढ़ना था।

(ग) रूसी औरत ने लकड़ी के लट्ठों का इंतजाम कैसे किया?

उत्तर—रूसी औरत ने लकड़ी के लट्ठों का इंतजाम अपने घर को तोड़कर किया।

(घ) युद्ध में जीत किसकी हुई?

उत्तर—युद्ध में जीत सोवियत रूस की हुई।

(ङ) नदी के किनारे बने मकान पर क्या लिखा हुआ है?

उत्तर—नदी के किनारे बने मकान पर 'अलक्सांद्रा ग्रिगोरीएवना और प्योत्र ईवानोविच कुज्नेत्सोव को युद्ध में उनके त्याग और वीरतापूर्ण कार्य के लिए समर्पित' लिखा हुआ है।

## भाषा पर आधारित प्रश्न (Language-based Questions)

**6. सर्वनाम शब्दों को रेखांकित करो व उनके भेद लिखो—**

(क) वे सब देख रहे थे। — **पुरुषवाचक सर्वनाम**

(ख) वह गहरी सोच में डूब गए। — **पुरुषवाचक सर्वनाम**

(ग) घर क्या होता है? — **प्रश्नवाचक सर्वनाम**

(घ) यदि हमारा देश बच गया तो घर फिर बन जाएगा। — **पुरुषवाचक सर्वनाम**

(ङ) औरत ने अपने घर को स्वयं नोंच डाला। — **निजवाचक सर्वनाम**

**7. वचन बदलकर लिखो—**

| | | | |
|---|---|---|---|
| महीना | **महीने** | नदी | **नदियाँ** |
| सुरंग | **सुरंगें** | लकड़ी | **लकड़ियाँ** |
| औरत | **औरतें** | बच्चा | **बच्चे** |

**8. पर्यायवाची शब्द लिखो—**

| | | |
|---|---|---|
| घर | **गृह** | **मकान** |
| नदी | **सरिता** | **तटनि** |
| औरत | **स्त्री** | **महिला** |

**9. वाक्यों में प्रयोग कीजिए—**

| | |
|---|---|
| समाप्त | अंत में जर्मनी और रूस का युद्ध **समाप्त** हो गया। |
| भीषण | जर्मनी व रूस में **भीषण** युद्ध चल रहा था। |
| अचानक | **अचानक** एक औरत अपने दस-ग्यारह साल के बच्चे के साथ आई। |
| कामचलाऊ | टैंक चालकों ने घर को गिराकर **कामचलाऊ** पुल बना लिया। |

# 7 बाँसुरीवाला

### सतत मूल्यांकन (Continuous Evaluation)

## मौखिक प्रश्न (Oral Questions)

**1. सही उत्तर बताओ—**

(क) चूहों ने मेयर ने क्या विनती की?

उत्तर— चूहों ने मेयर से रहने के लिए जगह माँगी।

(ख) मेयर ने चूहों को अपने राज्य में क्यों नहीं रहने दिया?

उत्तर— चूहे सभी की चीजें खा जाते और कुछ भी नहीं बचता।

(ग) मेयर ने क्या घोषणा करवाई?

उत्तर— जो इन शैतान चूहों से पीछा छुड़वाएगा उसे स्वर्ण मुद्राओं का थैला इनाम में मिलेगा।

(घ) चौपट सिंह ने चिढ़ाते हुए क्या कहा?

उत्तर— कह दो मेयर से तुम जाकर कर दो यह ऐलान
चूहे तो अब यहीं रहेंगे भागेंगे इंसान।

**2. गद्यांश पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर चुनो—**

**सब लोग :** मेयर साहब! जल्दी आइए हमारे बच्चों को मस्त–कलंदर ने गुफा में बंद कर दिया है। आपकी बेईमानी के कारण सजा मिली सब सबको, वादा करके पीछे हटना नहीं है भाता आपको।

(क) मस्त–कलंदर ने किसे बंद किया—

मेयर को ☐ बच्चों को ☑ गाँव की महिलाओं को ☐

(ख) मस्त–कलंदर ने बच्चों को कहाँ बंद किया—

गुफा में ☑ कमरे में ☐ सिनेमा घर में ☐

(ग) मस्त–कलंदर से बेइमानी किसने की—

बच्चों ने ☐ मेयर ने ☑ नागरिकों ने ☐

## बूझो पहेली (Puzzle/Quiz)

**3. सोचो और बताओ—**

(क) हाथ की थाप द्वारा बजाए जाने वाले तीन वाद्य यंत्रों के नाम लिखो—

**तबला ढोलक ढपली**

(ख) तार छेड़कर बजाए जाने वाले तीन वाद्य यंत्रों के नाम लिखो—

**गिटार संतूर सरोद**

(ग) मुँह की फूँक द्वारा बजाए जाने वाले तीन वाद्य यंत्रों के नाम लिखो—

**बाँसुरी शहनाई ट्रम्पिट**

## समग्र मूल्यांकन (Comprehensive Evaluation)

## पाठ पर आधारित प्रश्न (Text-based Questions)

**4. इन प्रश्नों के उत्तर लिखो—**

(क) मेयर ने चूहों को बाहर करवा दिया तो उन्होंने क्या किया?

उत्तर—जब मेयर ने चूहों को बाहर करवा दिया तो चूहे गुस्से से भरकर मेयर के घर, बाहर, थाली, दरवाजे, संदूक यहाँ तक कि उसकी दाढ़ी में भी घुस गए।

(ख) चूहों से छुटकारा किसने दिलवाया?

उत्तर—चूहों से छुटकारा बाँसुरी वाले ने दिलवाया।

(ग) राजा को अपनी गलती का अहसास कब हुआ?

उत्तर—मेयर को अपनी गलती का एहसास तब हुआ जब बाँसुरीवाले ने सभी बच्चों को एक गुफा में बंद कर दिया।

(घ) अंत में बाँसुरीवाले ने मेयर से क्या कहा?

उत्तर—अंत में बाँसुरी वाले ने मेयर से कहा कि कभी किसी का दिल नहीं दुखाना चाहिए।

## भाषा पर आधारित प्रश्न (Language-based Questions)

**5. समझो और लिखो—**

**उदाहरण—** आए हम हैं आपके पास
हम आपके पास आए हैं।

(क) चुपचाप हम पड़े रहेंगे। **हम चुपचाप पड़े रहेंगे।**

(ख) ऐसे नहीं मानोगे तुम। **तुम ऐसे नहीं मानोगे।**

(ग) मैंने किया है वादा पूरा **मैंने वादा पूरा किया है।**

(घ) माफ कर दो मुझको भैया। **भैया मुझको माफ कर दो।**

6. **विलोम शब्द लिखो—**

| | | | |
|---|---|---|---|
| बेईमानी | **ईमानदारी** | सच | **झूठ** |
| महँगी | **सस्ती** | इनाम | **दंड** |

# 8 अभिमान

## सतत मूल्यांकन (Continuous Evaluation)

### मौखिक प्रश्न (Oral Questions)

1. **सही उत्तर बताओ—**

**(क)** महारानी ने महाराज को किस चिंता से अवगत कराया?

उत्तर— राजकुमारी भारती के विवाह की चिंता से।

**(ख)** राजकुमारी ने विवाह के लिए क्या शर्त रखी?

उत्तर— वह एक ऐसे व्यक्ति से विवाह करेगी जो उसे शास्त्रार्थ में हरा दे।

**(ग)** भीखू कौन था?

उत्तर— भीखू एक अशिक्षित परंतु दयालु व्यक्ति था।

**(घ)** भीखू ने कौन-सा सवाल पूछा?

उत्तर— आधी-पूरी की व्याख्या करना।

2. **गद्यांश पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर चुनो—**

वामन प्रदेश के राजा जयदेव अपनी न्यायप्रियता तथा प्रजा वात्सल्य के लिए प्रसिद्ध थे। उनकी अठारह वर्षीया राजकुमारी भारती को भाषा, संगीत, नृत्य के साथ-साथ तर्कशास्त्र में भी रुचि थी। राजगुरु ज्ञानाचार्य के साथ वाद-विवाद तथा शास्त्रार्थ करते-करते राजकुमारी भारती विख्यात होने लगी। वेद, पुराण तथा अन्य शास्त्रों का राजकुमारी को सूक्ष्म ज्ञान हो चुका था। राजा जयदेव की सभा में नित्य शास्त्रार्थ होते।

**(क)** राजा जयदेव राजा थे—

वामन प्रदेश के ☑ कौशल प्रदेश के ☐ मगध प्रदेश के ☐

**(ख)** राजकुमारी की आयु थी—

ग्यारह वर्ष की ☐ अठारह वर्ष की ☑ बीस वर्ष ☐

**(ग)** राजकुमारी की रुचि थी—

संगीत में ☑ धनुर्विद्या में ☐ कला में ☐

**(घ)** राजकुमारी के राजगुरु थे—

वेदव्यास ☐ ज्ञानाचार्य ☑ द्रोणाचार्य ☐

### बूझो पहेली (Puzzle/Quiz)

3. **संकेत पढ़कर नाम लिखो—**

(क) प्रसिद्ध बाँसुरी वादक— **पं० हरिप्रसाद चौरसिया**

(ख) प्रसिद्ध शहनाई वादक— **उस्ताद बिस्मिल्ला खाँ**

(ग) प्रसिद्ध तबला वादक— **जाकिर हुसैन**

(घ) प्रसिद्ध सितारवादक— **पं० रविशंकर**

## पाठ पर आधारित प्रश्न (Text-based Questions)

**4. रिक्त स्थानों की पूर्ति करो—**

(क) राजकुमारी भारती के **अकाट्य** तर्कों के सामने प्रकांड पंडित भी चुप हो जाते।

(ख) राजकुमारी **गर्व** से चूर रहने लगी।

(ग) राजकुमारी की बात सुन **महारानी** से उसे टोका।

(घ) दूसरे ही दिन भीखू **राजमहल** पहुँच गया।

(ङ) **अशिक्षित** होने के कारण भीखू का विवाह नहीं हुआ था।

**5. इन प्रश्नों के उत्तर लिखो—**

(क) राजकुमारी को किस बात का घमंड था?

उत्तर—राजकुमारी को अपनी विद्‌वता का घमंड था।

(ख) महाराज ने पूरे राज्य में क्या घोषणा करवा दी?

उत्तर—महाराज ने पूरे राज्य में घोषणा करवा दी कि जो व्यक्ति राजकुमारी को शास्त्रार्थ में हरा देगा उसी से राजकुमारी का विवाह होगा। यदि शास्त्रार्थ में कोई हार गया तो उसे कारावास की सजा काटनी होगी।

(ग) भीखू को देखकर राजकुमारी ने क्या कहा?

उत्तर—भीखू को देखकर राजकुमारी ने कहा कि यह गँवार उसके साथ क्या सवाल-जवाब करेगा? इसे तो उसकी दासी ही हरा देगी।

(घ) भीखू का उत्तर सुनकर राजा चिंता में क्यों डूब गए?

उत्तर—भीख का उत्तर सुनकर राजा चिंता में इसलिए डूब गए क्योंकि घोषणानुसार उन्हें राजकुमारी का विवाह भीखू से करना पड़ता।

(ङ) राजा को चिंताग्रस्त देखकर भीखू ने क्या कहा?

उत्तर—राजा को चिंताग्रस्त देखकर भीखू ने कहा कि उसने सवाल राजकुमारी से नहीं बल्कि दासी से किया था। अत: हार तो दासी की हुई। उसे राजकुमारी से विवाह नहीं करना है न इनाम लेना चाहता है। बस वह इतना कहना चाहता है कि ज्ञान पर घमंड नहीं करना चाहिए।

## भाषा पर आधारित प्रश्न (Language-based Questions)

**6. रंगीन शब्दों के कारक भेद लिखो—**

| | | |
|---|---|---|
| (क) | वामन प्रदेश में भीखू नाम का एक व्यक्ति रहता था। | **संबंधकारक** |
| (ख) | काकी ने पूछा कि भीखू कुछ चाहिए। | **कर्त्ता** |
| (ग) | मैं आपकी दुविधा को समझता हूँ। | **कर्म** |
| (घ) | महाराज ने दरबारियों से पूछा। | **संप्रदान** |
| (ङ) | राजा चिंता में डूब गए। | **अधिकरण** |

**7. लिंग बदलकर लिखो—**

| | | | |
|---|---|---|---|
| दासी | **दास** | काकी | **काका** |
| राजकुमारी | **राजकुमार** | पंडित | **पंडिताइन** |
| महाराज | **महारानी** | वर | **वधू** |

**8. शुद्ध रूप लिखो—**

| | | | |
|---|---|---|---|
| प्रसीद्‌ध | **प्रसिद्‌ध** | तकशसित्त | **तर्कशक्ति** |
| वयाखया | **व्याख्या** | वातसलय | **वात्सल्य** |
| जवाब | **जवाब** | सूक्षम | **सूक्ष्म** |

# चंद्रशेखर आजाद

## सतत मूल्यांकन (Continuous Evaluation)

### मौखिक प्रश्न (Oral Questions)

**1. सही उत्तर बताओ—**

**( क )** भारत को स्वतंत्र कराने के लिए सर्वप्रथम संघर्ष कब किया गया?

उत्तर— सन् 1857 ई० में।

**( ख )** 1947 से पहले भारत किसका गुलाम था?

उत्तर— अंग्रेजों का।

**( ग )** चंद्रशेखर आजाद को मजिस्ट्रेट ने क्या सजा दी?

उत्तर— पंद्रह बेंत की।

**( घ )** सांडर्स की हत्या किसने और क्यों की?

उत्तर— सुखदेव ने की क्योंकि सांडर्स लाला लाजपत राय की मृत्यु का जिम्मेदार था।

**2. गद्यांश पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर चुनो—**

चंद्रशेखर आजाद का जन्म एक बहुत ही साधारण परिवार में मध्य प्रदेश के झाबुआ जिले के भाबरा ग्राम में हुआ था। उनके पिता पं० सीताराम तिवारी उन्नाव जिले के बदरखा गाँव के निवासी थे जो जीविकोपार्जन के लिए भाबरा गाँव पहुँच गए थे। बचपन से ही वे बहुत साहसी थे। वे जिस काम को करना चाहते थे, उसे करके ही दम लेते थे।

**( क )** चंद्रशेखर आजाद का जन्म हुआ—

झाबुआ में ☑ मुंबई में ☐ पोरबंदर में ☐

**( ख )** झाबुआ है—

उत्तर प्रदेश में ☐ मध्य प्रदेश में ☑ छत्तीसगढ़ में ☐

**( ग )** चंद्रशेखर आजाद के पिता का क्या नाम था—

रामअवतार ☐ मुकुट लाल ☐ सीताराम तिवारी ☑

**( घ )** आजाद बचपन से थे—

दबंग ☐ बहुत साहसी ☑ डरपोक ☐

### बूझो पहेली (Puzzle/Quiz)

**3. नामों का सही मिलान कीजिए—**

| | |
|---|---|
| चंद्रशेखर | गुरु |
| भगत | आजाद |
| राज | दत्त |
| बटुकेश्वर | सिंह |

(मिलान: चंद्रशेखर — आजाद; भगत — सिंह; राज — गुरु; बटुकेश्वर — दत्त)

## समग्र मूल्यांकन (Comprehensive Evaluation)

### पाठ पर आधारित प्रश्न (Text-based Questions)

**4. रिक्त स्थानों की पूर्ति करो—**

**( क )** चंद्रशेखर जब दस–ग्यारह वर्ष के थे तब **जलियाँवाला** बाग का भयंकर हत्याकांड हुआ।

**( ख )** उन दिनों बेंत की सजा देने का ढंग बहुत ही **क्रूरतापूर्ण** था।

(ग) क्रांतिकारी दल के सामने बहुत-सी **व्यावहारिक** समस्याएँ थीं।

(घ) ब्रिटिश सरकार **आजाद** को फौरन पकड़ना चाहती थी।

(ङ) आजाद और सुखदेवराज इलाहाबाद के **अल्फ्रेड** पार्क में बैठे थे।

**5. इन प्रश्नों के उत्तर लिखो—**

(क) मजिस्ट्रेट द्वारा पूछे गए प्रश्नों का आजाद ने क्या उत्तर दिया?

उत्तर— आजाद ने स्वयं का नाम आजाद, बाप का नाम स्वाधीनता तथा घर जेलखाना बताया।

(ख) चंद्रशेखर आजाद ने दल के लिए धन की समस्या कैसे हल की?

उत्तर— चंद्रशेखर आजाद ने धन की समस्या हल करने के लिए सन् 1925 ई० में उत्तर प्रदेश में काकोरी स्टेशन के निकट चलती गाड़ी को रोककर सरकारी खजाना लूट लिया।

(ग) लाजपतराय की मृत्यु कैसे हुई?

उत्तर— साइमन की अध्यक्षता के आयोग का विरोध करने के लिए प्रदर्शन करते समय हुए लाठी चार्ज में लाठी की खतरनाक चोटों से घायल होने के कारण लाला लाजपतराय की मृत्यु हुई।

(घ) 7 अप्रैल, 129 को भगतसिंह और बटुकेश्वर दत्त ने क्या किया?

उत्तर— 7 अप्रैल, 1929 ई० को भगतसिंह और बटुकेश्वर दत्त ने केंद्रीय असेंबली में बम फेंका।

(ङ) 27 फरवरी, 1931 की घटना लिखिए।

उत्तर— 27 फरवरी, 1931 की घटना भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास की प्रसिद्ध घटना है। इस दिन चंद्रशेखर आजाद इलाहाबाद के अल्फ्रेड पार्क में अपने एक साथी के साथ बैठे थे कि एक देशद्रोही की खबर पर अंग्रेजी सैनिकों ने उन्हें घेर लिया। आजाद आखिरी दम तक लड़ते रहे और जब बचने की कोई उम्मीद न रही तो उन्होंने स्वयं को गोली मारकर अपने प्राण त्याग दिए।

## भाषा पर आधारित प्रश्न (Language-based Questions)

**6. संज्ञा शब्द रेखांकित करो व भेद लिखो—**

| | | |
|---|---|---|
| (क) | आजादी किसे अच्छी नहीं लगती। | **भाववाचक** |
| (ख) | कुछ वर्ष पूर्व तक भारत परतंत्र था। | **व्यक्तिवाचक** |
| (ग) | बचपन से ही वे बहुत साहसी थे। | **भाववाचक** |
| (घ) | चंद्रशेखर संस्कृत पढ़ने काशी भेजे गए। | **व्यक्तिवाचक** |
| (ङ) | महात्मा गांधी की जय। | **व्यक्तिवाचक** |

**7. विलोम शब्द लिखो—**

| | | | |
|---|---|---|---|
| परतंत्र | **स्वतंत्र** | पसंद | **नापसंद** |
| साहसी | **कायर** | संकीर्ण | **चौड़ा** |
| रोशनी | **उजाला** | मृत | **जीवित** |
| प्रारंभ | **समाप्त** | | |

**8. 'बलिदान' शब्द 'बलि' में 'दान' प्रत्यय लगकर बना है। निम्नलिखित शब्दों में उचित प्रत्यय लगाकर नया शब्द बनाओ—**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| आतंक | + | **वाद** | = | **आतंकवाद** |
| आजाद | + | **ई** | = | **आजादी** |
| बुद्धि | + | **हीन** | = | **बुद्धिहीन** |
| संस्कृत | + | **इ** | = | **संस्कृति** |
| धर्म | + | **ईक** | = | **धार्मिक** |

**9. शब्दों का वाक्यों में प्रयोग करो—**

| | |
|---|---|
| गुलामी | मनुष्य को **गुलामी** की जंजीरें सदा ही खटकती रहती हैं। |
| आहुति | चंद्रशेखर आजाद ने मातृभूमि के लिए अपने प्राणों की **आहुति** दे दी। |
| संगठन | क्रांतिकारी दल के सामने समस्या थी कि **संगठन** के लिए धन कहाँ से लाएँ। |
| प्रदर्शन | सभी दलों ने ब्रिटिश सरकार के विरुद्ध **प्रदर्शन** किया। |

## सतत मूल्यांकन-II (Continuous Evaluation-II)

### (पाठ 5 से 9)

**1. सही उत्तर बताओ—**

(क) बच्चा किस वृक्ष पर बैठकर बाँसुरी बजाना चाहता है?

उत्तर—कदंब।

(ख) मेयर ने क्या घोषणा करवाई?

उत्तर—जो इन शैतान चूहों से पीछा छुड़वाएगा उसे स्वर्ण मुद्राओं का थैला इनाम में मिलेगा।

(ग) भारत को स्वतंत्र कराने का सर्वप्रथम संघर्ष कब हुआ?

उत्तर—सन् 1857 ई०।

(घ) सांडर्स की हत्या किसने और क्यों की?

उत्तर—सुखदेव ने की क्योंकि सांडर्स लाला लाजपतराय की हत्या का जिम्मेदार था।

(ङ) राजकुमारी ने विवाह के लिए क्या शर्त रखी?

उत्तर—वह ऐसे व्यक्ति से विवाह करेगी जो उसे शास्त्रार्थ में हरा देगा।

**2. सही उत्तर पर ( ✓ ) का निशान लगाओ—**

(क) पुल बनाने के लिए चाहिए थे—

लकड़ी के लट्ठे ☑ चादर ☐ पत्थर ☐

(ख) मस्त-कलंदर ने किसे बंद किया—

मेयर को ☐ बच्चों को ☑ गाँव की महिलाओं को ☐

(ग) राजा जयदेव राजा थे—

वामन प्रदेश के ☑ मध्य प्रदेश के ☐ कौशल प्रदेश के ☐

(घ) झाबुआ है—

उत्तर प्रदेश में ☐ मध्य प्रदेश में ☑ छत्तीसगढ़ में ☐

**3. बूझो पहेली (Puzzle/Quiz)**

**संकेत पढ़कर नाम लिखो—**

| | |
|---|---|
| (क) प्रसिद्ध बाँसुरी वादक— | **पं० हरिप्रसाद चौरसिया** |
| (ख) प्रसिद्ध शहनाई वादक— | **उस्ताद बिस्मिल्ला खाँ** |
| (ग) प्रसिद्ध तबला वादक— | **जाकिर हुसैन** |
| (घ) प्रसिद्ध सितारवादक— | **पं० रविशंकर** |

# 10 कुछ काम करो

## सतत मूल्यांकन (Continuous Evaluation)

### मौखिक प्रश्न (Oral Questions)

**1. सही उत्तर बताओ—**

**(क)** कवि ने मनुष्य को क्या करने की सलाह दी है?

उत्तर— कर्म करने की।

**(ख)** कवि जीवन को कब व्यर्थ कह रहा है?

उत्तर— जब जीवन का कोई मतलब ही ना हो।

**(ग)** कवि क्या ध्यान रखने को कह रहा है?

उत्तर— हम भी कुछ हैं।

**2. पद्यांश पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर चुनो—**

प्रभु ने तुमको कर दान किए,<br>
सब वांछित वस्तु-विधान दिए।<br>
तुम प्राप्त करो उनको न अहो,<br>
फिर है किसका यह दोष कहो।<br>
समझो न अलभ्य किसी धन को।<br>
नर हो न निराश करो मन को।

**(क)** प्रभु ने क्या दान किए—

धन ☐ बैल ☐ कर ☑

**(ख)** समझो न अलभ्य—

शत्रु को ☐ किसी धन को ☑ किसी दु:ख को ☐

**(ग)** मन को न करो—

निराश ☑ आलसी ☐ घमंडी ☐

### बूझो पहेली (Puzzle/Quiz)

**3. संकेत पढ़ो और शब्द पूरा करो—**

**(क)** मिट्टी के बर्तन बनाने वाला कहलाता है— कु म्ह हा र

**(ख)** खेती करने वाला कहलाता है— कि **सा** न

**(ग)** प्रभु का पर्यायवाची है— ई श **व** र

**(घ)** अनुपयुक्त विलोम है— उ **प** यु **क** त

## समग्र मूल्यांकन (Comprehensive Evaluation)

### पाठ पर आधारित प्रश्न (Text-based Questions)

**4. कविता की पंक्तियाँ पूरी करो—**

**(क)** निज गौरव का नित **ज्ञान रहे**<br>
हम भी हैं **कुछ यह ध्यान रहे।**

(ख) सब जाए अभी, **पर मान रहे**
मरने पर **गुंजित गान** रहे।

(ग) कुछ हो नत **जो निज साधन** को
नर हो न **निराश करो मन** को।।

5. **इन प्रश्नों के उत्तर लिखो—**

(क) 'कुछ काम करो' कविता के रचयिता का नाम लिखिए।

उत्तर— 'कुछ काम करो' कविता के रचयिता मैथिलीशरण गुप्त हैं।

(ख) कवि इस कविता द्वारा हमें क्या संदेश दे रहा है?

उत्तर— कवि इस कविता द्वारा संदेश दे रहा है कि हमें जीवन को व्यर्थ नहीं गँवाना चाहिए बल्कि अच्छे कार्य करके जीवन को सफल बनाना चाहिए।

## भाषा पर आधारित प्रश्न (Language-based Questions)

6. **दो-दो शब्द बनाइए—**

| | | | |
|---|---|---|---|
| क्ष | — | **कक्षा** | **अक्षर** |
| श्र | — | **श्रम** | **परिश्रम** |
| भ्य | — | **असभ्य** | **सभ्यता** |
| क्त | — | **व्यक्ति** | **उपयुक्त** |

7. **तुकांत शब्द लिखो—**

| | | | |
|---|---|---|---|
| अर्थ | **व्यर्थ** | दोष | **रोष** |
| मान | **आन** | रहकर | **सहकर** |
| अहो | **कहो** | मरने | **करने** |

# 11 अब मैं राजा था

### सतत मूल्यांकन (Continuous Evaluation)

## मौखिक प्रश्न (Oral Questions)

1. **सही उत्तर बताओ—**

(क) लेखक की बहन ने उससे क्या माँगा?

उत्तर— मोमबत्ती का टुकड़ा।

(ख) लेखक ने क्या चुराया?

उत्तर— एक पूरी मोमबत्ती।

(ग) चिड़िया के उड़ने पर लेखक ने क्या सोचा?

उत्तर— लेखक ने सोचा कि कोई आदमी मंदिर में आया है।

(घ) लेखक ने मोमबत्ती कहाँ छिपाई?

उत्तर— धोती और पेट के बीच में।

2. **गद्यांश पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर चुनो—**

माँ जैसे ही गली में दाखिल हुई मैं कूड़े से मोमबत्ती निकालकर उसके दो टुकड़े करने लगा। वह टूट तो गई, पर मुड़ न सकी, खूब जोर लगाया तब कहीं मुड़ी।

उसको कुर्ते की बाजू की जेब में रखा और माँ के मंदिर पहुँचते-पहुँचते, माँ को पकड़ लिया। मंदिर के दर्शन किए, जब माँ परिक्रमा करने लगी, तब धक से वह टूटी बत्ती उसी ताक में रख दी जहाँ से ली थी।

**( क )** लेखक ने कूड़े में से निकाली—

चूड़ियाँ ☐ मोमबत्ती ☑ फूलझड़ी ☐

**( ख )** मोमबत्ती के टुकड़े किए—

चार ☐ दो ☑ पाँच ☐

**( ग )** माँ जा रही थी—

मंदिर ☑ बाजार ☐ स्कूल ☐

**( घ )** लेखक ने टूटी मोमबत्ती रख दी—

मंदिर में ☑ घर पर ☐ छत पर ☐

## बूझो पहेली (Puzzle/Quiz)

**3. संकेत के आधार पर छूटे अक्षर भरो—**

**ऊपर से नीचे**

**( क )** यह धरती को रोशनी और गर्मी देता है।

**( ग )** यह घरों में रोशनी करती है।

**( घ )** यह एक प्रकार की बीमारी है जिससे आँखों की रोशनी जा सकती है।

**( ङ )** इसके समाप्त होने पर दीपक बुझ जाता है।

**बाएँ से दाएँ**

**( ख )** यहाँ बिजली पैदा की जाती है।

**( घ )** बिजली गुल होने पर इसे जलाया जाता है।

**( च )** इसे गाँवों में जलाया जाता है।

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | (क) सू | | | |
| (ख) बि | ज | ली | घ | र | | | |
| (ग) ट् | | | | ज | | | |
| यू | | | | (घ) मो | म | ब | त्ती |
| ब | (ङ) ते | | | ति | | | |
| (च) ला | ल | टे | न | या | | | |
| इ | | | | बिं | | | |
| ट | | | | द | | | |

## समग्र मूल्यांकन (Comprehensive Evaluation)

## पाठ पर आधारित प्रश्न (Text-based Questions)

**4. रिक्त स्थानों की पूर्ति करो—**

**( क )** मेरी बहन ने मुझसे **मोमबत्ती** का टुकड़ा माँगा।

**( ख )** भादों के महीने में रात को भी कभी-कभी मंदिर में **रोशनी** हुआ करती थी।

**( ग )** उन दिनों **तक बर्मा** वाली छोटी-छोटी **बत्तियाँ** नहीं चली थीं।

**( घ )** मेरा पाँव यह अंदाजा न कर सका कि **दालान** से **आँगन** कितना नीचा है।

**( ङ )** **सौ** कदम लंबी दो गलियाँ पार करके घर के **दरवाजे** पर जा पहुँचा।

**5. इन प्रश्नों के उत्तर लिखो—**

**( क )** लेखक ने मोमबत्ती कहाँ से चुराई?

उत्तर—लेखक ने मोमबत्ती मंदिर से चुराई।

**( ख )** लेखक मंदिर से मोमबत्ती चुराकर किस प्रकार लाया?

उत्तर—लेखक मंदिर से मोमबत्ती होशियारी से चुराकर लाया।

**( ग )** माँ ने लेखक के पीछे किसे भेजा?

उत्तर—माँ ने लेखक के पीछे लेखक के भाई को भेजा।

(घ) लेखक ने माँ से क्या बहाना बनाया?

उत्तर— लेखक ने माँ से नाक साफ करने का बहाना बनाया।

(ङ) लेखक के मन का चोर कैसे निकला?

उत्तर— मोमबत्ती वापस मंदिर में रखने के बाद लेखक के मन का चोर निकला।

**भाषा पर आधारित प्रश्न (Language-based Questions)**

**6. लिंग बदलकर लिखो—**

| | | | |
|---|---|---|---|
| बहन | **भाई** | चोर | **चोरनी** |
| माँ | **पिता** | आदमी | **औरत** |

**7. 'चुलबुलाहट' शब्द 'चुलबुल' में 'आहट' प्रत्यय जोड़कर बना। निम्नलिखित शब्दों में 'आहट' प्रत्यय जोड़कर नए शब्द बनाओ—**

| | | | |
|---|---|---|---|
| फुसफुस | **फुस्फुसाहट** | झुंझला | **झुँझलाहट** |
| गुर्राना | **गुर्राहट** | | |

**8. विलोम शब्द लिखो—**

| | | | |
|---|---|---|---|
| शांत | **अशांत** | अंदर | **बाहर** |
| दाएँ | **बाएँ** | शाम | **सुबह** |
| लंबी | **छोटी** | मोटी | **पतली** |

# 12 महान् बचपन

## सतत मूल्यांकन (Continuous Evaluation)

**मौखिक प्रश्न (Oral Questions)**

**1. सही उत्तर बताओ—**

(क) 'होनहार बिरवान के होत चिकने पात।' का क्या अर्थ है?

उत्तर— यह एक कहावत है जिसका अर्थ है कि जो लोग आगे चलकर या बड़े होकर महान् बनते हैं उनमें अच्छे गुणों के लक्षण बचपन से ही दिखाई देने लगते हैं।

(ख) सभी बालक क्या करने में जुट गए?

उत्तर— प्रश्न हल करने में।

(ग) गुरुजी ने गोपाल की पीठ क्यों थपथपाई?

उत्तर— क्योंकि उसका उत्तर बिल्कुल सही था।

(घ) गोपाल ने प्रश्न किसकी मदद से हल किया?

उत्तर— अपने बड़े भाई की।

(ङ) गुरुजी ने गोपाल को पुरस्कार में क्या दिया?

उत्तर— कलम।

**2. गद्यांश पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर चुनो—**

निरीक्षक महोदय ने बच्चों की योग्यता को जाँचने के लिए एक कक्षा में विद्यार्थियों को पाँच शब्द लिखवाए। एक छोटे तथा दुर्बल से बालक ने उनमें से एक शब्द गलत लिख दिया। कक्षा अध्यापक ने जब यह देखा तो उन्होंने निरीक्षक महोदय से नजरें बचाकर उस बालक को अगले बालक की स्लेट से उस शब्द को देखकर नकल करके शब्द को ठीक से लिखने का संकेत किया।

(क) निरीक्षक महोदय ने शब्द बोले—

पाँच ☑ तीन ☐ दस ☐

(ख) बालक के शब्द गलत थे—

दो ☐ एक ☑ तीन ☐

(ग) बालक को नकल करके शब्द सही करने को कहा—

निरीक्षक ने ☐ अन्य छात्र ने ☐ गुरुजी ने ☑

## बूझो पहेली (Puzzle/Quiz)

**3. सोचो और बताओ—**

(क) महात्मा गांधी द्वारा चलाया गया आंदोलन है—

अस**हयोग आंदोलन**

(ख) इन्होंने ब्रिटिश असेंबली में बम फेंका था—

सरदार भ**गतसिंह**

(ग) इन्होंने ज्ञान प्राप्ति के लिए राजमहल त्याग दिया—

सि**द्धार्थ**

(घ) हमेशा आजाद रहे और आजाद कहलाए—

चंद्र**शेखर** आजाद

## समग्र मूल्यांकन (Comprehensive Evaluation)

## पाठ पर आधारित प्रश्न (Text-based Questions)

**4. रिक्त स्थानों की पूर्ति करो—**

(क) सभी बालकों के उत्तर **गलत** थे।

(ख) गोपाल ने घर आकर उन **प्रश्नों** को हल करना शुरू किया।

(ग) हारकर बालक ने अपने बड़े भाई की **सहायता** से प्रश्न हल कर लिया।

(घ) बालक की सत्यवादिता एवं निर्भीकता को देखकर गुरुजी बहुत **प्रसन्न** हुए।

**5. इन प्रश्नों के उत्तर लिखो—**

(क) गोपाल ने गुरुजी से पुरस्कार लेने से क्यों मना किया?

उत्तर— गोपाल ने गुरु जी पुरस्कार लेने से इसलिए मना किया क्योंकि एक प्रश्न उसने अपने बड़े भाई की सहायता से हल किया था।

(ख) सच्चाई जानने के बाद भी गुरुजी ने गोपाल को कलम पुरस्कार में क्यों दी?

उत्तर— गोपाल की ईमानदारी के कारण सच्चाई जानने के बाद भी गुरु जी ने गोपाल को कलम पुरस्कार में दी।

(ग) महात्मा गांधी अपना राजनैतिक गुरु किसे मानते थे?

उत्तर— महात्मा गांधी गोपालकृष्ण गोखले को अपना राजनैतिक गुरु मानते थे।

(घ) कक्षाध्यापक ने बालक को क्या संकेत किया?

उत्तर— कक्षाध्यापक ने बालक को नकल करने का संकेत किया।

## भाषा पर आधारित प्रश्न (Language-based Questions)

**6. विशेषण शब्द रेखांकित करो तथा भेद लिखो—**

(क) उन्होंने पाँच शब्द लिखवाए। **संख्यावाचक विशेषण**

(ख) एक छोटे तथा दुर्बल बालक ने उनमें से एक शब्द गलत कर दिया। **गुणवाचक विशेषण**

(ग) बालक ने अपने बड़े भाई की सहायता से प्रश्न हल कर लिया। **गुणवाचक विशेषण**

(घ) उस छोटे से बालक के मन में आया। **गुणवाचक विशेषण**

**7. भाववाचक संज्ञा बनाओ—**

| | | | |
|---|---|---|---|
| बच्चा | **बचपन** | सत्यवादी | **सत्य** |
| ईमानदार | **ईमानदारी** | निर्भीक | **निर्भीकता** |

**8. पर्यायवाची शब्द लिखो—**

| | | |
|---|---|---|
| अध्यापक | **गुरु** | **आचार्य** |
| पाठशाला | **विद्यालय** | **स्कूल** |
| बालक | **बच्चा** | **लड़का** |

# 13 गिरवन का रोमांच

## सतत मूल्यांकन (Continuous Evaluation)

### मौखिक प्रश्न (Oral Questions)

**1. सही उत्तर बताओ—**

**(क)** गिरवन किस राज्य में है?

उत्तर— गुजरात राज्य के सौराष्ट्र क्षेत्र में।

**(ख)** गाइड सर्वप्रथम कहाँ ले गया?

उत्तर— कमलेश्वर बाँध।

**(ग)** लेखक ने कमलेश्वर बाँध पर क्या-क्या देखा?

उत्तर— झील में लबालब पानी, रंग-बिरंगे जलीय पक्षीय, बड़ी-सी चिड़िया को गोते लगाकर मछली का शिकार करते देखा।

**(घ)** हिरनया कौन था?

उत्तर— चरवाहा।

**2. गद्यांश पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर चुनो—**

अगले दिन प्रात: नाश्ता करके हम गिरवन घूमने निकल पड़े। गाइड ने जीप का प्रबंध कर रखा था। उसने बताया कि गिरवन में लगभग तीन सौ सिंह हैं। दूर-दूर तक फैला जंगल, हरे-भरे पेड़। कहीं खाली मैदान और झाड़ियाँ थीं तो कहीं इतनी ऊँची घास कि हिरनों के केवल सिर ही दिखाई दे रहे थे।

**(क)** लेखक कहाँ घूमने गया—

गिरवन ☑ चीतल ☐ पहाड़ पर ☐

**(ख)** गिरवन क्या है—

एक अभयारण्य ☑ एक होटल ☐ एक स्कूल ☐

**(ग)** गाइड ने प्रबंध किया था—

जीप का ☑ हवाई जहाज का ☐ साइकिल का ☐

### बूझो पहेली (Puzzle/Quiz)

**3. सोचो और बताओ—**

**(क)** जिम कार्बेट नेशनल पार्क कहाँ है— **उत्तराखंड**

**(ख)** कांजीरंगा अभयारण्य कहाँ है— **तमिलनाडु**

**(ग)** कान्हा जीव अभयारण्य कहाँ है— **मध्य प्रदेश**

## समग्र मूल्यांकन (Comprehensive Evaluation)

### पाठ पर आधारित प्रश्न (Text-based Questions)

**4. रिक्त स्थानों की पूर्ति करो—**

**( क )** सिंहों को देखने से पूर्व हमारे मन में **रोमांच** भरा था।

**( ख )** गेस्ट हाउस में ही हमें एक **गाइड** मिल गया।

**( ग )** बड़ी-सी चिड़िया गोते लगाकर **मछली** का शिकार कर रही थी।

**( घ )** जंगल की सुनहरी घास पर चरते **चीतलों** के झुंड बहुत ही सुंदर लग रहे थे।

**( ङ )** सिंहों को इतने निकट से देखने का यह हमारा पहला **अनुभव** था।

**5. इन प्रश्नों के उत्तर लिखो—**

**( क )** हिरनया चरवाहे ने क्या बताया?

उत्तर—हिरनया चरवाहे ने बताया कि पिछले कुछ वर्षों में सिंहों के स्वभाव में काफी बदलाव आया है। सन् 1965 तक यह क्षेत्र अभयारण्य घोषित नहीं हुआ था, तब सिंह जंगल से बाहर नहीं आते थे। अब सिंह प्रतिदिन सैंकड़ों पर्यटकों को अभयारण्य में घूमते हुए देखते हैं।

**( ख )** अगले दिन सभी कहाँ घूमने गए?

उत्तर—अगले दिन सभी गिरवन घूमने गए।

**( ग )** गाइड ने सिंहों के बारे में बच्चों को क्या बताया?

उत्तर—गाइड ने बच्चों को बताया कि सिंह स्वभाव से भोला होता है उसे खुला सूखा रेतीला मैदान अच्छा लगता है। सिंह हमेशा अपने परिवार में रहता है। सिंहनी अपने बच्चों को बहुत प्यार से पालती है। वह उन्हें शिकार करना सिखाती है।

**( घ )** लेखक किस पल को नहीं भुला सकता?

उत्तर—लेखक उस पल को नहीं भुला सकता जब उसकी जीप रुकी हुई थी और वे सब पानी पी रहे थे तभी लंबी घास में से एक तेंदुआ निकला और लंबे कदम भरता हुआ जीप के सामने से होता हुआ चला गया।

**( ङ )** लेखक ने गिरवन में कौन-कौन से जंतु देखे?

उत्तर—लेखक ने गिरवन में सिंह, तेंदुआ, नीलगाय, चीतल, सांभर के साथ चौसिंहा हिरन आदि जंतु देखे।

### भाषा पर आधारित प्रश्न (Language-based Questions)

**6. वाक्यों को दिए गए निर्देशानुसार बदलकर लिखो—**

**( क )** पल भर को हमारी साँस रुक-सी गई थी। *( भविष्यत् काल )*

**पल-भर को हमारी साँसें रुक-सी जाएँगी।**

**( ख )** सिंह हमेशा अपने परिवार में रहता है। *( भूतकाल )*

**सिंह हमेशा अपने परिवार में रहता था।**

**( ग )** चीतलों के झुंड बहुत ही सुंदर लग रहे थे। *( वर्तमान काल )*

**चीतलों के झुंड बहुत ही सुंदर लग रहे हैं।**

**7. संज्ञा शब्द रेखांकित करो व भेद लिखो—**

**( क )** सिंह परिवार पेड़ की छाया में बैठा था। **जातिवाचक**—सिंह, पेड़ **समुदायवाचक**—परिवार

**( ख )** कल हम गिरवन घूमेंगे। **व्यक्तिवाचक**—गिरवन

**( ग )** सिंहनी अपने बच्चों को बहुत प्यार से पालती है। **जातिवाचक**—सिंहनी, बच्चों **भाववाचक**—प्यार

**( घ )** हमने यहाँ कई तरह के रंग-बिरंगे जलीय पक्षी देखे। **जातिवाचक**—पक्षी

## सतत मूल्यांकन (Continuous Evaluation)

### मौखिक प्रश्न (Oral Questions)

1. **सही उत्तर बताओ—**

(क) पोंगल किस राज्य का प्रमुख त्योहार है?

उत्तर— दक्षिण भारत का।

(ख) पोगल और बैशाखी के त्योहार में क्या समानता है?

उत्तर— दोनों ही ऋतु के पर्व हैं।

(ग) पोंगल का त्योहार कितने दिन तक मनाया जाता है?

उत्तर— तीन दिन।

(घ) भोगी पोंगल कैसे मनाया जाता है?

उत्तर— लोग घरों की सफाई करके सजाकर पूजा-पाठ करते हैं। चावलों को पकाकर खाते हैं। इंद्र की पूजा के साथ पारिवारिक सहभोज भी किया जाता है।

2. **गद्यांश पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर चुनो—**

यह त्योहार कृषि से जुड़ा है। जनवरी माह में धान की फसल पककर तैयार हो जाती है और पोंगल के आस-पास ही इसकी कटाई शुरू होती है। 'पोंगल' शब्द का अर्थ है—'उबालना' या 'पकाना'। पोंगल के दिन नए धान से निकले चावल का प्रयोग किया जाता है। अत: यह त्योहार कृषक और कृषि से जुड़ा है।

(क) कृषि से जुड़ा त्योहार है—

पोंगल [✓] स्वतंत्रता दिवस [ ] दीपावली [ ]

(ख) जनवरी माह में फसल पकती है—

गेहूँ की [ ] धान की [✓] गन्ने की [ ]

(ग) पोंगल का अर्थ है—

जलाना [ ] उबालना [✓] तलना [ ]

(घ) धान कहते हैं—

गन्ने की [ ] चावल को [✓] गेहूँ को [ ]

### बूझो पहेली (Puzzle/Quiz)

3. **संकेतों के आधार पर प्रश्नों के उत्तर वर्ग पहेली में से छाँटकर लिखिए—**

(क) केरल का प्रसिद्ध त्योहार है। **ओणम**

(ख) मुंबई का प्रसिद्ध त्योहार है। **गणेश चतुर्थी**

(ग) पंजाब का प्रसिद्ध त्योहार है। **बैसाखी**

(घ) पंजाब का प्रसिद्ध नृत्य है। **भाँगड़ा**

(ङ) पश्चिम बंगाल का प्रसिद्ध त्योहार है। **दुर्गापूजा**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ध | दु | दु | न | ला | पी | जा | मा |
| नी | र्गा | मा | ओ | मा | बै | शा | खी |
| जा | पू | नी | ण | पि | ध | ची | ग |
| रा | जा | ला | म | ना | मा | स्स | णे |
| रा | जा | मा | हा | सु | ग | णे | श |
| पि | ग | कि | ड़ | व | नी | पु | च |
| भाँ | ग | ड़ा | झ | ड़ा | पा | स | तु |
| स्स | मा | मु | नी | ऋ | घ | र | र्थी |

## समग्र मूल्यांकन (Comprehensive Evaluation)

### पाठ पर आधारित प्रश्न (Text-based Questions)

**4. रिक्त स्थानों की पूर्ति करो—**

(क) पोंगल पर्व का दूसरा दिन **सूर्य पोंगल** कहलाता है।

(ख) इंद्र की पूजा के साथ **पारिवारिक** सहभोज भी किया जाता है।

(ग) मट्टू का अर्थ है—**पशु।**

(घ) पोंगल पर साँडों की लड़ाई का **कार्यक्रम** भी होता है।

(ङ) साँडों के **सींगों** के साथ नोटों की गड्डी बाँध देते हैं।

**5. इन प्रश्नों के उत्तर लिखो—**

(क) पोंगल का पहला दिन क्या कहलाता है तथा यह किस प्रकार मनाया जाता है?

उत्तर— पोंगल का पहला दिन भोगी पोंगल कहलाता है। इस दिन पारिवारिक उत्सव होते हैं। लोग अपने घरों की सफाई करके सजाकर पूजा-पाठ करते हैं। चावलों को पकाकर खाते हैं। इंद्र की पूजा के साथ पारिवारिक सहभोज भी किया जाता है।

(ख) सूर्य पोंगल कैसे मनाया जाता है?

उत्तर— सूर्य पोंगल के दिन लोग नए परिधान पहनते हैं। नए धान की खीर बनाई जाती है। यह खीर नए धान के चावल, गुड़, दूध तथा घी को नए घड़े में पकाकर तैयार की जाती है। इस घड़े के गले में हल्दी का पौधा बाँधा जाता है। खीर को सूर्य देवता को अर्पित करके सूर्य की पूजा की जाती है। दोपहर को सब लोग मिलकर भोजन करते हैं।

(ग) पोंगल कब मनाया जाता है?

उत्तर— पोंगल प्रतिवर्ष जनवरी माह में मकर संक्रांति के अवसर पर मनाया जाता है।

(घ) मट्टू का क्या अर्थ है?

उत्तर— मट्टू का अर्थ है—'पशु'।

(ङ) मट्टू पोंगल कैसे मनाया जाता है?

उत्तर— मट्टू पोंगल के दिन किसान अपने पशुओं की पूजा करते हैं। सूर्य देव की चढ़ाई खीर पशुओं को खिलाई जाती है। पशुओं को खूब सजाया जाता है। बैलों के गले में मालाएँ डालकर, मस्तक पर तिलक व गले में घंटियाँ बाँधी जाती हैं। कहीं-कहीं बैलगाड़ियों की दौड़ का आयोजन भी किया जाता है। पोंगल पर साँडों की लड़ाई का कार्यक्रम भी होता है।

### भाषा पर आधारित प्रश्न (Language-based Questions)

**6. विलोम शब्द लिखो—**

| | | | |
|---|---|---|---|
| आदर | **अनादर** | देवता | **दानव** |
| प्राचीन | **आधुनिक** | विशाल | **लघु** |

**7. पर्यायवाची शब्द लिखो—**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| सूर्य | **दिनकर** | **भानु** | परिधान | **वस्त्र** | **चीर** |
| देवता | **देव** | **सुर** | दूध | **दुग्ध** | **गोरस** |

**8. शब्दों का वाक्यों में प्रयोग करो—**

| | |
|---|---|
| प्रदर्शन | मैच में खिलाड़ियों ने उच्च कोटि का **प्रदर्शन** किया। |
| त्योहार | पोंगल दक्षिण भारत का प्रमुख **त्योहार** है। |
| पर्व | पोंगल **पर्व** का दूसरा दिन 'सूर्य पोंगल' कहलाता है। |
| अर्पित | खीर को सूर्य देवता को **अर्पित** करके सूर्य की पूजा की जाती है। |

# सतत मूल्यांकन-III (Continuous Evaluation-III)

## (पाठ 10 से 14)

**1. सही उत्तर बताओ—**

(क) लेखक ने क्या चुराया?

उत्तर—मोमबत्ती।

(ख) गुरुजी ने गोपाल की पीठ क्यों थपथपाई?

उत्तर—गोपाल के उत्तर बिल्कुल सही थे।

(ग) गुरुजी ने गोपाल को पुरस्कार में क्या दिया?

उत्तर—कलम।

(घ) लेखक ने कमलेश्वर बाँध पर क्या-क्या देखा?

उत्तर—झील में लबालब पानी, रंग-बिरंगे जलीय पक्षीय, बड़ी-सी चिड़िया को गोते लगाकर मछली का शिकार करते देखा।

(ङ) भोगी पोंगल कैसे मनाया जाता है?

उत्तर—लोग घरों की सफाई करके सजाकर पूजा-पाठ करते हैं। चावलों को पकाकर खाते हैं। इंद्र की पूजा के साथ पारिवारिक सहभोज भी किया जाता है।

**2. सही उत्तर पर ( ✓ ) का निशान लगाओ—**

(क) मन को न करो—

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| निराश | ✓ | घमंडी | ☐ | आलसी | ☐ |

(ख) मोमबत्ती के टुकड़े किए—

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| चार | ☐ | दो | ✓ | पाँच | ☐ |

(ग) निरीक्षक महोदय ने शब्द बोले—

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| पाँच | ✓ | तीन | ☐ | दस | ☐ |

(घ) गाइड ने प्रबंध किया—

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| जीप का | ✓ | हवाई जहाज का | ☐ | साइकिल का | ☐ |

**3. बूझो पहेली**

(क) महात्मा गांधी द्वारा चलाया गया आंदोलन है—

अस**हयोग आंदोलन**

(ख) इन्होंने ब्रिटिश असेंबली में बम फेंका था—

**सरदार** भ**गतसिंह**

(ग) इन्होंने ज्ञान प्राप्ति के लिए राजमहल त्याग दिया—

**सिद्धार्थ**

(घ) हमेशा आजाद रहे और आजाद कहलाए—

**चंद्रशेखर** आजाद

# नीति के दोहे

## सतत मूल्यांकन (Continuous Evaluation)

### मौखिक प्रश्न (Oral Questions)

**1. सही उत्तर बताओ—**

**(क)** साँच किसके बराबर है?

उत्तर—साँच तप के बराबर है।

**(ख)** भगवान का सुमिरन कब करते हैं?

उत्तर—भगवान का सुमिरन दु:ख में करते हैं।

**(ग)** अभ्यास करने से क्या होता है?

उत्तर—अभ्यास करने से मूर्ख भी बुद्धिमान बन जाते हैं।

**(घ)** हमें आज का काम कल पर क्यों नहीं छोड़ना चाहिए?

उत्तर—क्योंकि कभी भी प्रलय हो सकती है।

**2. पद्यांश पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर चुनो—**

करत-करत अभ्यास के, जड़मति होत सुजान।
रसरी आवत जात ते, सिल पर परत निसान।।
विद्या धन उत्तम अहै, धन माया बेकार।
अनपढ़ का है जगत में, नहीं कहीं निस्तार।।

**(क)** बार-बार अभ्यास से बन जाते हैं—

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| बुद्धिमान | ✓ | मूर्ख | ☐ | पागल | ☐ |

**(ख)** रस्सी की रगड़ से पड़ जाते हैं—

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| बीमार | ☐ | पत्थर पर भी निशान | ✓ | चमक | ☐ |

**(ग)** सर्वोत्तम धन है—

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| शक्ति | ☐ | विद्या | ✓ | आभूषण | ☐ |

**(घ)** जगत में कहीं निस्तार नहीं है—

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अनपढ़ का | ✓ | पढ़े-लिखे का | ☐ | बच्चों का | ☐ |

### बूझो पहेली (Puzzle/Quiz)

**3. सोचो और मिलान करो—**

| | |
|---|---|
| सुई | पेड़ |
| खजूर | निशान |
| बानी | धागा |
| पत्थर | शीतल |

## समग्र मूल्यांकन (Comprehensive Evaluation)

### पाठ पर आधारित प्रश्न (Text-based Questions)

**4. दोहों को पूरा करो—**

**(क)** दु:ख में सुमिरन सब करै, **सुख में करे ना कोए।**
जो सुख में सुमिरन करै, **तो दुख काहे को होय।।**

(ख) ऐसी बानी बोलिए, **मन का आपा खोए।**
औरन को सीतल करे, **आपहुँ सीतल होय।।**

**5. दोहों का भावार्थ लिखो—**

(क) काल करे सो आज कर, आज करे सो अब।
पल में परलै होएगी, बहुरि करैगो कब।।

भावार्थ—प्रस्तुत दोहे के माध्यम से कवि कहना चाहता है कि जो कार्य कल करना है उसे आज ही कर लेना चाहिए और आज के कार्य को अभी; क्योंकि जीवन का कोई भरोसा नहीं यह कभी भी समाप्त हो सकता है और फिर कार्य करने का समय बिल्कुल नहीं मिलेगा।

(ख) बड़ा हुआ तो क्या हुआ, जैसे पेड़ खजूर।
पंथी को छाया नहीं, फल लागै अति दूर।।

भावार्थ—कवि कहता है कि बड़ा होना तभी लाभदायक है जब वह बड़ाई या महानता दूसरों के काम आए अन्यथा बड़ा तो खजूर का पेड़ भी होता है लेकिन क्या लाभ एक तो किसी को उसकी छाया से कोई सुख प्राप्त होता क्योंकि उसकी छाया नाममात्र की होती है और उसके फल भी इतनी ऊँचाई पर लगते हैं कि किसी को आसानी से प्राप्त नहीं हो पाते।

### भाषा पर आधारित प्रश्न (Language-based Questions)

**6. तद्भव रूप लिखो—**

| | | | |
|---|---|---|---|
| साँच | **सत्य** | सीतल | **शीतल** |
| रसरी | **रस्सी** | तरवारि | **तलवार** |
| बानी | **वाणी** | हिरदै | **हृदय** |

**7. उदाहरण समझो और लिखो—**

**उदाहरण—** साँच बराबर तप नहीं, झूठ बराबर पाप।
सत्य के बराबर तप नहीं है और झूठ बोलने के बराबर पाप नहीं है।

(क) भला फेरत जुग भया, फिरा न मन का फेर।
हमें भला बनने के लिए युगों लगते हैं परंतु अपने मन के पाप को नहीं छोड़ते।

(ख) ऐसी बानी बोलिए, मन का आपा खोए।
हमें ऐसी वानी बोलनी चाहिए जो दूसरों का मन जीत ले।

(ग) जाके हिरदै साँच है, ताके हिरदै आप।
जिसके हृदय में सत्य है उसके हृदय में स्वयं भगवान हैं।

# 16 राम की विजय

## सतत मूल्यांकन (Continuous Evaluation)

### मौखिक प्रश्न (Oral Questions)

**1. सही उत्तर बताओ—**

(क) सीताजी कहाँ पर थीं?

उत्तर—लंका में।

(ख) लंका का राजा कौन था?

उत्तर—रावण।

(ग) विभीषण कौन था?

उत्तर— रावण का भाई।

(घ) रावण के दरबार में राम का दूत बनकर कौन गया?

उत्तर— अंगद।

(ङ) संजीवनी बूटी कौन लाया?

उत्तर— हनुमान।

**2. गद्यांश पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर चुनो—**

अब रावण अपने भाई कुंभकर्ण के पास गया। कुंभकर्ण बहुत बलवान था। कहा जाता है कि उसमें हजारों हाथियों का बल था। उसका शरीर भी बहुत विशाल था। वह लगातार छह महीने सोता था।

(क) कुंभकर्ण भाई था—

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| राम का | ☐ | रावण का | ✓ | सीता का | ☐ |

(ख) कुंभकर्ण में बल था—

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| हजारों साँपों का | ☐ | हजारों हाथियों का | ✓ | सौ हाथियों का | ☐ |

(ग) कुंभकर्ण लगातार सोता था—

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| छह महीने | ✓ | छह दिन | ☐ | एक साल | ☐ |

(घ) कुंभकर्ण का शरीर था—

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| लघु | ☐ | बहुत विशाल | ✓ | सामान्य | ☐ |

**बूझो पहेली (Puzzle/Quiz)**

**3. संकेतों के आधार पर शब्द पूरा करो—**

(क) राम की माता का नाम था— कौ**शल्या**

(ख) राम के पुत्रों के नाम थे— ल**व**कु**श**

(ग) रावण के पुत्र का नाम था— **मे**घ**नाथ**

(घ) रामायण के रचयिता हैं— वा**ल्मीकि**

## समग्र मूल्यांकन (Comprehensive Evaluation)

**पाठ पर आधारित प्रश्न (Text-based Questions)**

**4. रिक्त स्थानों की पूर्ति करो—**

(क) रामचंद्र जी के दूत बनकर **अंगद** रावण के दरबार में गए।

(ख) मेघनाद ने देवताओं के राजा **इंद्र** को भी युद्ध में परास्त कर दिया था।

(ग) हनुमान लंका से **सुषेन** वैद्य को ले आए।

(घ) **हनुमान** संजीवनी बूटी लाने के लिए चल पड़े।

(ङ) सुषेन वैद्य ने संजीवनी बूटी से **लक्ष्मण** का इलाज किया।

**5. इन प्रश्नों के उत्तर लिखो—**

(क) राम की सेना में कौन-कौन से वीर योद्धा थे?

उत्तर— राम की सेना में सुग्रीव, हनुमान, अंगद, नल, नील, जामवंत आदि वीर योद्धा थे।

(ख) राम के आने की खबर सुनकर रावण की पत्नी ने उसे क्या समझाया?

उत्तर— राम के आने की खबर सुनकर रावण की पत्नी ने उसे समझाया कि राम से बैर न लो, सीता को आदरपूर्वक लौटाकर राम से क्षमा माँग लो, इसी में सबकी भलाई है।

**( ग )** अंगद कौन था?

उत्तर— अंगद बालि का पुत्र और रावण के दरबार में भेजा गया रामचंद्र जी का दूत था।

**( घ )** हनुमान पूरे पर्वत-खंड को ही क्यों उखाड़ लाए थे?

उत्तर— हनुमान पूरे पर्वत-खंड को उखाड़ लाए थे क्योंकि वे संजीवनी बूटी नहीं पहचान पाए थे।

**( ङ )** युद्ध में विजय किसकी हुई?

उत्तर— युद्ध में विजय रामचंद्र की हुई।

**भाषा पर आधारित प्रश्न (Language-based Questions)**

**6. वाक्यों का शुद्ध रूप लिखो—**

| | | |
|---|---|---|
| **( क )** | रावण बहुत लज्जित हुई। | रावण बहुत लज्जित हुआ। |
| **( ख )** | मेघनाद बड़ी पराक्रमी थी। | मेघनाथ बड़ा पराक्रमी था। |
| **( ग )** | रावण ने प्रचंड शक्ति छोड़ा। | रावण ने प्रचंड शक्ति छोड़ी। |
| **( घ )** | हनुमान संजीवनी बूटा लाना का लिए चल पड़ा। | हनुमान संजीवनी बूटी लाने के लिए चल पड़े। |

**7. शब्दों का वाक्यों में प्रयोग करो—**

| | |
|---|---|
| पराक्रमी | मेघनाथ बड़ा **पराक्रमी** था। |
| समाचार | रामचंद्र जी के समुद्र तट पर पहुँचने का **समाचार** लंका पहुँचा। |
| अचेत | अमोघ शक्ति लगते ही लक्ष्मण **अचेत** होकर भूमि पर गिर पड़े। |
| आदर्श | रामराज्य **आदर्श** राज्य था। |

# 17 अंतरिक्ष की यात्रा

## सतत मूल्यांकन (Continuous Evaluation)

**मौखिक प्रश्न (Oral Questions)**

**1. सही उत्तर बताओ—**

**( क )** अंतरिक्ष में जाने वाला प्रथम मानव कौन था?

उत्तर— यूरी गागरिन।

**( ख )** वेलेनतिना तेरेशकोवा कौन थी?

उत्तर— वेलेनतिना तेरेशकोवा ने 1963 में 10 दिन अंतरिक्ष की यात्रा की और पृथ्वी की 48 परिक्रमाएँ पूरी कीं।

**( ग )** कोपरनिकस का जन्म कब और कहाँ हुआ?

उत्तर— कोपरनिकस का जन्म पोलैंड में हुआ था।

**( घ )** अंतरिक्ष में जाने वाला प्रथम भारतीय कौन था?

उत्तर— राकेश शर्मा।

**( ङ )** भारत के अंतरिक्ष यान की नींव किसने रखी?

उत्तर— डॉ० विक्रम साराभाई ने।

**2. गद्यांश पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर चुनो—**

अंतरिक्ष के सर्वप्रथम खोजकर्त्ता पोलैंड के 'कोपरनिकस' हैं, जिन्होंने बताया कि सूर्य सौर-परिवार के केंद्र में स्थित है तथा पृथ्वी एक ग्रह है। फिर गैलीलियो के दूरबीन के आविष्कार से पहली बार अंतरिक्ष के नजारों के साथ-साथ चंद्रमा की सतहों को देखा गया। इसके पश्चात् प्रसिद्ध वैज्ञानिक 'न्यूटन' ने अंतरिक्ष संबंधी नियम दिए जिनमें गुरुत्वाकर्षण नियम महत्त्वपूर्ण था। उनके अनुसार जैसे-जैसे

मानव पृथ्वी से दूर जाता है गुरुत्व का आकर्षण कम होता जाता है।

**( क )** अंतरिक्ष के सर्वप्रथम खोजकर्ता हैं—

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| कोपरनिकस | ✓ | सुनिता विलियम्स | ☐ | यूरी गागरिन | ☐ |

**( ख )** सौर-परिवार के केंद्र में स्थित है—

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| चंद्रमा | ☐ | पृथ्वी | ☐ | सूर्य | ✓ |

**( ग )** पृथ्वी एक है—

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| उपग्रह | ☐ | ग्रह | ✓ | नक्षत्र | ☐ |

**( घ )** दूरबीन का आविष्कार किया—

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| गैलीलियो ने | ✓ | अब्दुल कलाम ने | ☐ | साराभाई ने | ☐ |

**( ङ )** न्यूटन ने नियम दिया—

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| गुरुत्वाकर्षण का | ✓ | धातु का | ☐ | परिमेय का | ☐ |

### बूझो पहेली (Puzzle/Quiz)

**3. सोचो और बताओ—**

**( क )** सौरमंडल के ग्रहों की संख्या— **नौ**

**( ख )** सबसे गरम ग्रह— **बुध**

**( ग )** सबसे बड़ा ग्रह— **बृहस्पति**

**( घ )** सबसे सुंदर ग्रह— **शनि**

**( ङ )** लाल ग्रह कहलाता है— **मंगल**

## समग्र मूल्यांकन (Comprehensive Evaluation)

### पाठ पर आधारित प्रश्न (Text-based Questions)

**4. इन प्रश्नों के उत्तर लिखो—**

**( क )** अंतरिक्ष से पृथ्वी कैसी दिखाई पड़ती है?

**उत्तर—** अंतरिक्ष से पृथ्वी नीली दिखाई पड़ती है।

**( ख )** कृत्रिम उपग्रह से क्या तात्पर्य है?

**उत्तर—** मानव द्वारा बनाए गए उपग्रह को कृत्रिम उपग्रह कहते हैं।

**( ग )** इस्पात पानी में क्यों डूब जाता है?

**उत्तर—** इस्पात का आपेक्षिक भार पानी के आपेक्षिक भार से कहीं अधिक होता है इसलिए इस्पात पानी में डूब जाता है।

**( घ )** अमेरिका तथा रूस द्वारा कौन-कौन से कृत्रिम उपग्रह अंतरिक्ष में भेजे गए?

**उत्तर—** अमेरिका और रूस द्वारा स्पूतनिक, वीस्वोक-2, वोस्कोड एटलांटिस, सोयूज, अपोलो आदि कृत्रिम उपग्रह अंतरिक्ष में भेजे गए।

**( ङ )** अंतरिक्ष की विभिन्न कक्षाओं में स्थापित उपग्रहों से कौन-कौन सी पूर्व सूचनाएँ मिलती हैं?

**उत्तर—** अंतरिक्ष की विभिन्न कक्षाओं में स्थापित उपग्रहों से भूकंप, समुद्री तूफान, घनघोर वर्षा और फसलों में लगने वाली तरह-तरह की बीमारियों की पूर्व सूचनाएँ मिलती हैं।

### भाषा पर आधारित प्रश्न (Language-based Questions)

**5. पर्यायवाची शब्द लिखो—**

| | | |
|---|---|---|
| पृथ्वी | **भूमि** | **धरा** |
| चंद्रमा | **चाँद** | **चंदा** |
| सूर्य | **भानु** | **दिनकर** |

**6. शुद्ध रूप लिखो—**

| | | | |
|---|---|---|---|
| आंतरिक्ष | **अंतरिक्ष** | वेज्ञानिक | **वैज्ञानिक** |
| प्रगती | **प्रगति** | रसायनिक | **रासायनिक** |
| आमेरीका | **अमेरिका** | सेंकड़ो | **सैकड़ों** |

**7. शब्दों का वाक्यों में प्रयोग करो—**

| | |
|---|---|
| उपग्रह | अंतरिक्ष में अमेरिका और रूस द्वारा नई कृत्रिम **उपग्रह** भेजे गए हैं। |
| अंतरिक्ष | **अंतरिक्ष** से नीली धरती कितनी सुंदर दिखाई देती है। |
| परिक्रमा | अंतरिक्ष यात्री के लिए वे क्षण कितने महत्त्वपूर्ण रहे होंगे जब उसने पहली बार अंतरिक्ष यान से पृथ्वी की **परिक्रमा** की होगी। |
| मनोहारी | हम केवल पृथ्वी की **मनोहारी** दृश्य की कल्पना ही कर सकते हैं। |

## सतत मूल्यांकन-IV (Continuous Evaluation-IV)

### (पाठ 15 से 17)

**1. सही उत्तर बताओ—**

(क) साँच किसके बराबर है?

उत्तर—तप।

(ख) अभ्यास करने से क्या होता है?

उत्तर—मूर्ख व्यक्ति भी बुद्धिमान बन जाते हैं।

(ग) लंका का राजा कौन था?

उत्तर—रावण।

(घ) संजीवनी बूटी कौन लाया?

उत्तर—हनुमान।

(ङ) अंतरिक्ष में जाने वाला प्रथम भारतीय कौन था?

उत्तर—राकेश शर्मा।

**2. सही उत्तर पर ( ✓ ) का निशान लगाओ—**

(क) कुंभकर्ण लगातार सोता था—

छह महीने ☑ छह दिन ☐ छह साल ☐

(ख) कुंभकर्ण में बल था—

हजारों साँपों का ☐ हजारों हाथियों का ☑ सौ हाथियों का ☐

(ग) अंतरिक्ष के सर्वप्रथम खोजकर्ता हैं—

कोपरनिकस ☐ यूरी गागरिन ☑ सुनिता विलियम्स ☐

(घ) न्यूटन ने नियम दिया—

गुरुत्वाकर्षण का ☑ धातु का ☐ परिमेय का ☐

**3. बूझो पहेली (Puzzle/Quiz)**

(क) सौरमंडल के ग्रहों की संख्या— **नौ**

(ख) सबसे गरम ग्रह— **बुध**

(ग) सबसे बड़ा ग्रह— **बृहस्पति**

(घ) सबसे सुंदर ग्रह— **शनि**

(ङ) लाल ग्रह कहलाता है— **मंगल**

## समग्र मूल्यांकन-I (Comprehensive Evaluation-I)

### (पाठ 1 से 9)

**पाठ पर आधारित प्रश्न (Text-based Questions)**

**1. रिक्त स्थानों की पूर्ति करो—**

(क) पिताजी बाहर से **लाठी** उठा लाए।

(ख) पक्षी **चहचहाते** हुए अपने-अपने नीड़ की ओर जा रहे थे।

(ग) पानी भरकर वे कुएँ की पक्की **जगत** पर बैठ गईं।

(घ) लोगों ने डाकुओं को रात में **राजधानी** पहुँचा दिया।

(ङ) जनरल ने नदी के **किनारों** को देखा।

**2. इन प्रश्नों के उत्तर लिखो—**

(क) चौथी स्त्री का पुत्र कैसा था?

उत्तर— चौथी स्त्री का पुत्र बिल्कुल सीधा-सादा लेकिन माँ की सेवा करने वाला सच्चा हीरा था।

(ख) सभी लोग डाकू का चेहरा देखकर हैरान क्यों हो गए?

उत्तर— सभी लोग डाकू का चेहरा देखकर इसलिए हैरान हो गए क्योंकि डाकू कोई और नहीं राज्य मंत्री ही था।

(ग) नदी के किनारे बने मकान पर क्या लिखा हुआ है?

उत्तर— नदी के किनारे बने मकान पर लिखा है—'अलक्सांद्रा ग्रिगोरीएवना और प्योत्र ईवानोविच कुज्नेत्सोव को युद्ध में उनके त्याग और वीरतापूर्ण कार्य के लिए समर्पित'।

(घ) चूहों से छुटकारा किसने दिलवाया?

उत्तर— चूहों से छुटकारा बाँसुरी वाले ने दिलवाया।

(ङ) राजा को चिंताग्रस्त देखकर भीखू ने क्या कहा?

उत्तर— राजा को चिंताग्रस्त देख भीखू ने कहा कि उसने सवाल राजकुमारी से नहीं बल्कि दासी से किया है अत: हार तो दासी की हुई। उसे राजकुमारी से विवाह नहीं करना है न इनाम लेना चाहता है। बस वह इतना कहना चाहता है कि ज्ञान पर घमंड नहीं करना चाहिए।

**3. शब्दों के अर्थ लिखो—**

अवगत—**जानकारी** आहुति—**बलिदान** प्रकांड—**उत्तम** विकल—**परेशान**

**4. शब्दों का वाक्यों में प्रयोग करो—**

| | |
|---|---|
| भीषण | सोवियत रूस व जर्मनी के बीच **भीषण** युद्ध हुआ। |
| प्रदर्शन | मैच में खिलाड़ियों ने उच्च कोटि का **प्रदर्शन** किया। |
| आहुति | चंद्रशेखर आजाद ने मातृभूमि के लिए अपने प्राणों की **आहुति** दे दी। |
| रोशनदान | गौरैया **रोशनदान** पर जा बैठी। |

**5. वचन बदलकर लिखो—**

| | | | |
|---|---|---|---|
| नदी | **नदियाँ** | बच्चा | **बच्चे** |
| लकड़ी | **लकड़ियाँ** | सुरंग | **सुरंगें** |
| महीना | **महीने** | नदी | **नदियाँ** |

**6. विलोम शब्द लिखो—**

| | | | |
|---|---|---|---|
| विजय | **पराजय** | मोटा | **पतला** |
| दुश्मन | **दोस्त** | वीर | **कायर** |

# समग्र मूल्यांकन-II (Comprehensive Evaluation-II)

## (पाठ 10 से 17)

**पाठ पर आधारित प्रश्न (Text-based Questions)**

**1. रिक्त स्थानों की पूर्ति करो—**

(क) मेरी बहन ने मुझसे **मोमबत्ती** का टुकड़ा माँगा।

(ख) गोपाल ने घर आकर उन **प्रश्नों** को हल करना शुरू किया।

(ग) जंगल की सुनहरी घास पर चरते **चीतलों** के झुंड बहुत ही सुंदर लग रहे थे।

(घ) साँडों के **सींगों** के साथ नोटों की गड्डी बाँध देते हैं।

(ङ) हनुमान लंका से **सुषेन** वैद्य को ले आए।

**2. इन प्रश्नों के उत्तर लिखो—**

(क) लेखक ने माँ से क्या बहाना बनाया?

उत्तर— लेखक ने माँ से नाक साफ करने का बहाना बनाया।

(ख) भारत का राष्ट्रपिता किसे कहा जाता है?

उत्तर— भारत का राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को कहा जाता है।

(ग) गाइड ने सिंहों के बारे में बच्चों को क्या बताया?

उत्तर— गाइड ने बच्चों को बताया कि सिंह स्वभाव से भोला होता है। उसे खुला सूखा रेतीला मैदान अच्छा लगता है। सिंह हमेशा अपने परिवार में रहता है। सिंहनी अपने बच्चों को बहुत प्यार से पालती है। वह उन्हें शिकार करना सिखाती है।

(घ) मट्टू का क्या अर्थ है?

उत्तर— मट्टू का अर्थ है—पशु।

(ङ) कृत्रिम उपग्रह से क्या तात्पर्य है?

उत्तर— मानव द्वारा बनाए गए उपग्रह को कृत्रिम उपग्रह कहते हैं।

**3. शब्दों के अर्थ लिखो—**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| विस्मित | — | **आश्चर्यचकित** | स्वाभाविक | — | **जो चीज स्वभाव में हो** |
| उल्लास | — | **खुशी** | जड़मति | — | **मूर्ख** |

**4. विलोम शब्द लिखो—**

| | | | |
|---|---|---|---|
| दाएँ | **बाएँ** | अंदर | **बाहर** |
| शांत | **अशांत** | शाम | **सुबह** |

**5. दोहों का भावार्थ लिखो—**

काल करे सो आज कर, आज करे सो अब।
पल में परलै होएगी, बहुरी करैगो कब।।

**भावार्थ**—प्रस्तुत दोहे में कबीरदास जी ने कहा है कि हमें जो कार्य कल करना उसे आज ही कर लेना चाहिए। जो कार्य आज करना है उसे अभी कर लेना चाहिए क्योंकि जीवन का क्या भरोसा यह कभी भी समाप्त हो सकता है फिर कार्य करने का समय कभी नहीं मिलेगा।

**6. पर्यायवाची शब्द लिखो—**

| | | |
|---|---|---|
| चंद्रमा | **चाँद** | **चंदा** |
| सूर्य | **भानु** | **दिनकर** |
| पृथ्वी | **धरा** | **भूमि** |